दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 301 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, बुधवार 26 नवम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# कांग्रेस के 5 साल के शासनकाल के कार्यों पर हमारे 21 महीने के कार्य भारी : भजनलाल शर्मा

## पिछली सरकार में राजस्थान प्रशासनिक सेवा में नेताओं के बेटे सिलेक्ट हुए और हमारे शासन में किसान का बेटा सिलेक्ट हुआ



### पानी की क्षेत्र में सरकार ने अभूतपूर्व कार्य किया, सौर ऊर्जा में पूरे देश में राजस्थान सबसे आगे

*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि उनके पहले कार्यकाल में उनकी पहली प्राथमिकता प्रदेश के लोगों को पीने का समुचित पानी मिले और खेती के लिए समुचित पानी की व्यवस्था हो इसी बात पर हमने फोकस रखा जिसके फल स्वरुप हमने कई बड़े फैसले किए ईस्टर्न कैनल योजना जिसके माध्यम से प्रदेश के पूर्वी हिस्से के डेट दर्शन जिलों को पीने का पानी और खेती का पानी उपलब्ध हो सकेगा इसके अलावा हरियाणा से यमुना जल समझौता किया गया जिसकी डीपीआर तैयार हो रही है यह योजना भी जल्दी ही शुरू हो रही है इस योजना से शेखावाटी क्षेत्र के लोगों को खेती के लिए समुचित पानी मिल सकेगा इसी तरह से प्रदेश के सभी हिस्सों में खेती के पानी के समुचित व्यवस्था और पीने के पानी की समुचित व्यवस्था के लिए कई तरह की योजनाओं पर कार्य चल रहा है जिनके संपादित होने पर प्रदेश में किसी भी जगह पर पानी की किल्लत नहीं रहेगी उन्होंने कहा कि हम भविष्य को ध्यान में रखते हुए योजनाएं तैयार कर रहे हैं और समस्याओं का हमेशा हमेशा के निस्तारण के लिए कार्य कर रहे हैं जिसमेंथोड़ा समय जरूर लग रहा है लेकिन यह समस्याएं हमेशा के लिए जड़ से खत्म हो जाएगी उन्होंने कहा कि इसी तरह से बिजली उत्पादन में भी राजस्थान बहुत जल्दी ही आत्मनिर्भर होने वाला है क्योंकि हमने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में पूरे देश में सबसे अच्छा कार्य किया है और सौर ऊर्जा के क्षेत्र में राजस्थान पूरे देश में नंबर वन पर है पश्चिमी राजस्थान में किसानों को सौर ऊर्जा के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के लिए हमने कई सुविधा दी है जिसकी वजह से किसान अब सौर ऊर्जा का उत्पादन करने लगा है जिसके अच्छे नतीजे भी सामने आ रहे हैं और हम बहुत जल्दी ही बिजली में आत्मनिर्भर बन जाएंगे और बिजली का आयात करने की बजाय बिजली को बेचने लग जाएंगे उन्होंने कहा कि बहुत जल्दी ही प्रदेश के सभी किसानों को दिन में बिजली भी उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करेंगे*

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को पाली जिले में चामुंडेरी में विद्यालय के लोकार्पण समारोह में प्रदेश की पिछली गहलोत सरकार पर जोरदार हमला बोला और कहा कि पिछली गहलोत सरकार में राजस्थान प्रशासनिक सेवा की परीक्षा में नेताओं के बेटे सेलेक्ट हुए थे और हमारे शासनकाल में मजदूर और किसान का बेटा अफसर बना है उन्होंने कहा कि मैं बार-बार सार्वजनिक मंच पर कांग्रेस पार्टी के नेताओं को सवाल पूछता हूं कि आपके पिछले सरकार के 5 साल के विकास कार्य और हमारी सरकार के 21 महीने के विकास कार्य की तुलना कर लीजिए पिछली सरकार ने जो कार्य 5 साल में नहीं किया हमने अब तक 21 महीना में ही करके दिखा दिया उन्होंने कहा कि कई क्षेत्रों में तो हमने पिछली गहलोत सरकार के 5 साल के कार्यों से भी ज्यादा कार्य अब तक के शासनकाल में कर दिए हैं उन्होंने कहा कि मैं बार-बार कांग्रेस कांग्रेस के नेताओं से इसका जवाब देने के लिए सार्वजनिक रूप से कहता हूं लेकिन कांग्रेस के किसी भी नेता ने आज तक उनके इस सवाल पर जवाब नहीं दिया कारण यही है कि मेरे इस सवाल का कांग्रेस पार्टी के नेताओं के पास कोई जवाब ही नहीं है क्योंकि उन्होंने पूरे 5 साल तक प्रदेश की जनता के साथ धोखा किया वादे करके वोट हासिल किया लेकिन पिछली सरकार के बड़े नेता आपस की लड़ाई में ही उलझे रहे और प्रदेश के विकास के लिए सोच ही नहीं पाए जिसका खामियाजा प्रदेश की जनता को भुगतना पड़ा उन्होंने कहा कि अशोक गहलोत उनके किसी भी सवाल का जवाब देने की स्थिति में नहीं है मुख्यमंत्री शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को इंगित करते हुए कहा कि उन्होंने भी अपने शासनकाल में इन्वेस्टमेंट राजस्थान राइजिंग राजस्थान जैसे बड़े-बड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया था लेकिन उनमें कितने समझौते धरातल पर आए यह वे बताएं लेकिन हमारी सरकार ने राइजिंग राजस्थान में 35 लाख करोड रुपए के जो समझौते किए थे उनमें अब तक 7 लाख करोड रुपए के समझौते धरातल पर आ गए हैं यह हमारी उपलब्धि है और आगामी दिसंबर महीने तक और भी समझौते धरातल पर आएंगे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के युवाओं से आग्रह किया कि वे मन लगाकर पढ़ाई करें क्योंकि केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की भाजपा सरकार उन्हें नियुक्ति देने के लिए तैयार बैठी है उन्होंने कहा कि हमने हर साल सरकारी सेक्टर में 100000 नौकरी देने का वादा किया था जो हमने पूरा किया और पूरे 5 साल में हम सरकारी क्षेत्र में 5 लाख और प्राइवेट सेक्टर में 6 लाख नौकरियां दिलवाएंगे उन्होंने युवाओं से कहा कि प्रदेश सरकार उनके हितों को युवाओं से कहा कि प्रदेश सरकार उनके हितों और उनके सपनों को सरकार करने को लेकर संकल्पित है उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने जिस तरह से प्रदेश के युवाओं के साथ अन्याय किया बड़ी संख्या में हर भर्ती परीक्षा में पेपर लीक हुई जिसकी वजह से टैलेंटेड युवाओं का भविष्य खतरे में पड़ गया कई मामले कोर्ट में चले गए जिसकी वजह से बेरोजगारी की समस्या और बढ़ गई लेकिन हमारी सरकार ने युवाओं को तेजी से नौकरी उपलब्ध करवाने की दिशा में कार्य शुरू किया है और पिछले 21 महीना में एक भी सरकारी भर्ती परीक्षा का पेपर लिक नहीं हुआ किसी भी भर्ती परीक्षा में किसी भी तरह की कोई गड़बड़ी की शिकायत सामने नहीं आई नहीं आई यह उनकी सरकार की बड़ी उपलब्धि है उन्होंने कहा कि आगामी दिसंबर माह में भी रोजगार उत्सव में प्रदेश के युवाओं को बड़े स्तर पर नौकरी दिलाने के लिए सरकार तैयार बैठी है मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश के गरीब साधारण मजदूर और किसान बड़े उम्मीद और सपनों के साथ अपने बच्चों को पढ़ाते हैं परीक्षाओं की कोचिंग दिलवाते हैं इसके लिए अपनी जमीन जायदाद गिरवी तक रख देते हैं ताकि उनका बच्चा पढ़ लिखकर योग्य बने और अच्छी सरकारी नौकरी मिले लेकिन पिछली गहलोत सरकार ने प्रदेश के युवाओं और उनके परिजनों के साथ घोर पाप किया उन्होंने कहा कि अब प्रदेश के युवाओं के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा मुख्यमंत्री शर्मा ने जोर देकर कहा कि पिछली सरकार में भी वहीं पुलिस अधिकारी हैं जो अब अपने काम को ईमानदारी से अंजाम दे रहे हैं और पेपर लीक में गड़बड़ी करने वाले लोगों को जेल की सलाखों में भेजा है लेकिन पिछली सरकार ने गड़बड़ी करने वाले लोगों का संरक्षण किया जिसकी वजह से पुलिस को ठीक तरह से कार्य नहीं करने दिया गया उन्होंने कहा कि हमारी सरकार भ्रष्टाचार में जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है और गड़बड़ी करने वाला चाहे कोई कितना ही बड़ा व्यक्ति हो उसे कड़ी सजा दिलाने के लिए भी हमारे सरकार कृत संकल्प है

### किसान और खेती की भलाई के लिए डबल इंजन की सरकार ने कई कदम उठाए

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने भाषण में कहा कि प्रदेश में किसान और खेती के विकास के लिए केंद्र की मोदी सरकार और हमारी सरकार ने कई बड़े कदम उठाए हैं उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि की राशि किसान के अकाउंट में सीधे आ रही है और इस राशि में राजस्थान सरकार भी अपनी ओर से राशि बढ़ाकर किसान की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रही है उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में सरकारों की ओर से प्रदत्त की जाने सहायता राशि और अनुदान राशि में कट लगा दी जाती थी जिसकी वजह से जरूरतमंद लोगों और किसान को समुचित राशि नहीं मिल पाती थी लेकिन डबल इंजन की सरकार में जो राशि सरकार की ओर से मंजूर की जाती है वह पूरा पैसा जरूरतमंद लोगों के अकाउंट तक पहुंच रहा है यह हमारी सरकार की उपलब्धि है । मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि आने वाले समय में किसान सम्मन निधि की राशि में सरकार की ओर से और भी बढ़ोतरी की जाएगी उन्होंने कहा कि अन्नदाता को खाद ,बीज, दवाई की समुचित व्यवस्था सरकार की ओर से की गई है बरसात और प्राकृतिक आपदा की वजह से जिन किसानों की फसल खराब हो गई थी उन्हें सरकार की ओर से रिपोर्ट मिलने पर मुआवजा भी दिया जा रहा है सरकार हर तरह से किसानों के साथ खड़ी है ।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 110 करोड रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया

*जानकारी के अनुसार मंगलवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पाली जिले में कई जगहों पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की इस मौके पर उन्होंने अपने इस एकदिवसीय दौरे में पाली जिले में 110 करोड रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया मुख्यमंत्री शर्मा ने 63.60 करोड रुपए के जिला चिकित्सालय के भवन निर्माण 18.95 करोड रुपए बालक आवासीय विद्यालय और बाली के भवन निर्माण तथा 28 करोड रुपए की लागत के सड़क से जुड़े निर्माण कार्य का लोकार्पण और शिलान्यास किया ।इस दौरान कई जगहों पर आयोजित हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शर्मा का पाली जिले के जनप्रतिनिधियों और सामाजिक और व्यापारिक संगठनों से जुड़े लोगों ने जोरदार स्वागत किया सभी जगह पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मुख्यमंत्री शर्मा को सुनने के लिए भी आए सभा में महिलाओं और युवाओं की भी बड़ी भीड़ देखी गई ।*

# आज शताब्दियों के घाव भर रहे हैं, शताब्दियों की वेदना विराम पा रही है : पीएम नरेंद्र मोदी

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संघ प्रमुख मोहन भागवत ने अयोध्या के राम मंदिर में शिखर पर ध्वजा स्थापित की, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ भी रहे मौजूद



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** अयोध्या के भव्य राम मंदिर के शिखर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संघ प्रमुख मोहन भागवत ने मंगलवार को धर्म ध्वजा जा स्थापित की इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे विश्व के करोड़ों राम भक्तों को बधाई दी और कहा कि आज अयोध्या नगरी भारत की सांस्कृतिक चेतना के एक और उत्कर्ष बिंदु की साक्षी बन रही है श्री राम जन्मभूमि मंदिर के ध्वजारोहण उत्सव का यह क्षण अद्वितीय और अलौकिक है मोदी ने साधु संतों के सामने सियावर रामचंद्र की जय जयकार की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज शताब्दियों के घाव भर रहे हैं आज शताब्दियों की वेदना विराम पा रही है और संकल्प सिद्धि को प्राप्त हो रहा है राम मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वज का स्थापित होना भारतीय सभ्यता के पुनर्जागरण का ध्वज है यह ध्वज शताब्दियों से चले आ रहे सपनों का साकार रूप है उन्होंने कहा कि 25 नवंबर ऐतिहासिक दिन हो गया है। आज संपूर्ण भारत संपूर्ण विश्व राम में समा गया है अयोध्या वह भूमि है जहां आदर्श आचरण में बदलते हैं यह धर्म ध्वजा केवल एक ध्वज नहीं यह भारतीय सभ्यता के पुनर्जागरण का ध्वज है यह धर्म ध्वजा राम मंदिर के संकल्प का प्रतीक है यह ध्वज दूर से ही राम जन्मभूमि का दर्शन कराएगा युगों युगों तक प्रभु श्री राम के संदेश को पूरे विश्व में पहुंचएगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं करोड़ राम भक्तों को इस महत्वपूर्ण अवसर के लिए बधाई देता हूं मैं राम मंदिर से जुड़े हर वास्तुकार और हर योजना कर का अभिनंदन करता हूं सभी दान देने वालों का भी आभार प्रकट करता हूं इसी अयोध्या से पूरे संसार को बताया कि कैसे एक व्यक्ति अपने संस्कारों से पुरुषोत्तम बनता है जब भगवान राम जब वनवास को गए तब युवराज राम थे मगर जब वनवास से लौटकर आए तो मर्यादा पुरुषोत्तम बन कर आएद्य उन्होंने कहा कि सब के सहयोग से हमें 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करना ही होगा हमें प्रभु श्री राम के व्यक्तित्व को आत्मसात करना होगा राम जीवन का सर्वोच्च चरित्र है अपने अंदर राम को जागना होगा अपने भीतर के राम की प्राण प्रतिष्ठा करनी होगी इस संकल्प के लिए आज से बड़ा शुभ अवसर कोई नहीं हो सकता इसलिए हम संकल्प लें कि अपने भीतर राम जगाएंगे इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लॉर्ड मैकाले की तरफ से भारत में थोपी गई मानसिकता पर भी प्रहार किया मोदी ने कहा कि मैकाले ने भारत के लोगों को गुलाम बना दिया देश के लोगों को विदेश की चीज बहुत अच्छी लगने लगी हमें इस गुलाम मानसिकता से बाहर निकलना होगा तभी देश का विकास हो पाएगा अगले 10 साल यानी 2027 तक हम इस मानसिकता से निजात पा लेंगे द्य इस मौके पर संघ प्रमुख मोहन भागवत और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी संबोधित किया ।

# भजनलाल शर्मा आज अमर जवान ज्योति पर यमुना प्रवाह को हरी झंडी दिखाएंगे

### देश की एकता, अखंडता और पटेल के योगदान को जन जन तक पहुंचाएगी यूनिटी मार्च



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निसं.)।** सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर पूरे भारत में निकाली जा रही यूनिटी मार्च के तहत आज जयपुर में अमर जवान ज्योति पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा यमुना प्रवाह को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे ।आज सुबह 9:30 बजे अमर जवान ज्योति पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शर्मा यमुना प्रवाह को रवाना करेंगे। यह यमुना प्रवाह जयपुर से पुष्कर, अजमेर, जैतारण, जोधपुर, पाली, माउंट आबू होते हुए गुजरात में प्रवेश करेगी और स्टैच्यू ऑफ यूनिटी केवड़िया में यमुना प्रवाह का समापन होगा। यूनिटी मार्च का उद्देश्य देश की एकता अखंडता और सरदार पटेल के योगदान को जन-जन तक पहुंचाना है। सरदार वल्लभभाई पटेल ने भारत को एक सूत्र में पिरोने का जो ऐतिहासिक कार्य किया उसी भावना को लेकर यह सरदार पटेल 150वीं यूनिटी मार्च निकाली जा रही है। ये प्रवाह देश की विविधता में एकता के प्रतीक के रूप में कार्य करेंगी। कार्यक्रम के आज दिन में कॉलेज संपर्क अभियान के तहत रात्रि में पुष्कर में सांस्कृतिक कार्यक्रम व सम्मान समारोह का आयोजन होगा। और कल 27 नवंबर को अजमेर में योग छात्र परिसर संपर्क पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन होगा तथा कल रात्रि में जोधपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा और फिर 28 नवंबर को जोधपुर में मेहरानगढ़ किला अवलोकन पाली के लिए प्रस्थान रात्रि में माउंट आबू में सांस्कृतिक कार्यक्रम व श्रमण 29 नवंबर को आबू से गुजरात के आणंद के लिए प्रस्थान किया जाएगा। यमुना प्रवाह का जयपुर सहित विभिन्न शहरों में भव्य स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। इस दौरान भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

# प्रदेश को अगले महीने 20000 करोड रुपए के विकास कार्यों की मिलेगी सौगात

### सरकार के 2 साल के पूरे होने के उपलक्ष पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए सरकार की शानदार तैयारी

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** अगले महीने प्रदेश में भजनलाल सरकार के 2 साल पूरे होने वाले हैं और इन 2 साल में प्रदेश सरकार की ओर से पानी सड़क, बिजली, सौर ऊर्जा, चिकित्सा, शिक्षा ,रोजगार, उद्योग इत्यादि क्षेत्रों में किए गए ऐतिहासिक कार्यों का प्रदेश की जनता में शानदार तरीके से प्रचार प्रसार करने के लिए भी सरकार की ओर से युद्ध स्तर पर तैयारी की जा रही है । वर्तमान में प्रदेश भर में सरकार की ओर से जारी विकास कार्यों को जल्दी से जल्दी निर्धारित समय पर पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पहले ही संबंधित अधिकारियों और निर्माण कार्यों में लगी संस्थाओं को निर्देशित कर दिया था। मुख्यमंत्री शर्मा चाहते हैं कि सभी विकास कार्य समय पर गुणवत्ता की कसौटी पर खरे उतरते हुए संपादित हो ताकि प्रदेश की जनता को इन विकास कार्यों का जल्दी से जल्दी लाभ मिल सके इसके अलावा सरकार चाहती है कि जिन विकास कार्यों का निर्माण जारी है उनमें जो विकास कार्य पूरे होने को हैं उन्हें सरकार के 2 साल पूरा होने से पहले ही संपादित कर लिया जाए तो यह और भी अच्छा होगा इसलिए जो कार्य अंतिम चरण में है उन्हें पूरा करने के निर्देश सरकार की ओर से दिए गए हैं बड़ी बात यह है कि प्रदेश की भजनलाल सरकार के 2 साल के कार्यकाल के पूरा होने के अवसर पर एक शानदार ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजन करने के बारे में भी गंभीरता से सोच रही है और इस कार्यक्रम में प्रदेश की जनता को करीब 20000 करोड रुपए के विकास कार्यों की सौगात देने की बात भी कहीं जा रही है यह विकास कार्य सड़क, पानी, बिजली, रोजगार, उद्योग, चिकित्सा, शिक्षा, कानून व्यवस्था, पुलिसिंग इत्यादि क्षेत्र से जुड़े हुए हैं और प्रदेश के सभी जिलों में समुचित और सर्वांगीण विकास के लिए यह सौगातें सुनिश्चित की गई है इसलिए आने वाला दिसंबर का महीना प्रदेश की जनता के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकता है सरकार के 2 साल पूरे होने पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर प्रदेश भाजपा के संगठन से जुड़े लोग भी काफी उत्साहित हैं हालांकि अभी यह पूरी तरह से क्लियर नहीं हुआ है कि 2 साल के उपलक्ष में आयोजित होने वाला कार्यक्रम जयपुर में होगा या जयपुर से बाहर लेकिन इतना जरूर है इस कार्यक्रम को यादगार और ऐतिहासिक बनाने के लिए सरकार से जुड़े लोग काफी उत्सुक हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी चाहते हैं कि उनकी सरकार की ओर से जो कार्य किए गए हैं उनका प्रदेश की जनता में ठीक तरह से प्रचार प्रसार हो प्रदेश के हर घर और हर नागरिक तक उनकी सरकार की उपलब्धियां पहुंचे ताकि लोग भी सरकार की योजनाओं का अच्छी तरह से फायदा उठा सके जानकार लोगों का कहना है कि प्रदेश के सभी 200 विधानसभा क्षेत्र में समुचित और समांगीण विकास के जानकार लोगों का कहना है कि प्रदेश के सभी 200 विधानसभा क्षेत्र में समुचित और सर्वांगीण विकास के लिए भजनलाल शर्मा ने विकसित राजस्थान की परिकल्पना के आधार पर विकास कार्यों का एक बहुत बड़ा रोड मैप तैयार किया है जिसका खुलासा मुख्यमंत्री शर्मा खुद दिसंबर माह में सरकार के 2 साल के पूरे होने के अवसर पर आयोजित की जा रहे कार्यक्रम में कर सकते हैं ।

## अलवर शहर को मिली कई सौगातें

# केंद्रीय वन मंत्री एवं वन राज्यमंत्री ने किए शिलान्यास एवं लोकार्पण

### करीब 5 करोड रूपये की लागत से बनेगा भाखेडा एनीकट

### 42 लाख रूपये राशि के 4 महिन्द्रा कैम्पर वाहन पुलिस को सेवार्थ मिले

जयपुर टाइम्स





**अलवर(निसं.)।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव तथा वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने मंगलवार को अलवर शहर में कई सौगातें दी, जिसमें विज्ञान नगर में 4.50 करोड रूपये की लागत राशि से बनने वाले कन्या महाविद्यालय का विधिवत भूमि पूजन कर शिलान्यास किया, भाखेडा में करीब 5 करोड रूपये की लागत से बनने एनीकट का शिलान्यास एवं अलवर शहर विधायक निधि कोष से 42 लाख रूपये राशि के 4 महिन्द्रा कैम्पर वाहन पुलिस को सेवार्थ लोकार्पित किए। केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने अपने सम्बोधन में कहा कि विज्ञान नगर में बनने वाला कन्या महाविद्यालय अलवर ही नहीं, अपितु आसपास के जिलों की बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि बालिकाएं वर्तमान समय में सेना, टेक्नोलॉजी, पुलिस, प्रशासन इत्यादि क्षेत्र में आगे आकर अपना परचम लहरा रही हैं। इन्हें उद्योग, व्यापार व नेतृत्व में आगे लाने के लिए सरकार द्वारा निरन्तर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का भविष्य देश की प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों व खेल के मैदान से बनता है। उन्होंने कहा कि अलवर की खेल प्रतिभाओं को आगे लाने हेतु अलवर सांसद खेल उत्सव आयोजित किया गया, जिसमें इस बार 35 हजार से अधिक बालक-बालिकाओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि हमारा जीवन इस पर निर्भर करता है कि हमारी संगत, सामाजिक जीवन, नेतृत्व क्षमता, कुशलता अच्छी रहे। केंद्रीय वन मंत्री ने कहा कि दुनिया में कम्यूनिकेशन बडा विषय है जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व सेमीकंडक्टर की सबसे बडी भूमिका है। अलवर की नई युवा पीढी अंतरिक्ष व स्पेस की जानकारी स्कूल के माध्यम से ही प्राप्त कर सके इसके लिए वन राज्यमंत्री के प्रयासों से अलवर में साइंस पार्क व 15 करोड की लागत से बनने वाले प्लेटेनेरियम की सौगात अलवर जिले को मिली है।

### पुलिस को मिली 4 नई कैम्पर गाडियां, अपराध नियंत्रण में हो सहूलियत

केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव तथा वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में अलवर शहर विधायक कोष से संजय शर्मा द्वारा 42 लाख रूपये की राशि से उपलब्ध कराई गई 4 महिन्द्रा कैंपर पुलिस गाडियों की चाबी पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी को सौंपकर गाडियों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा व स्वच्छता के लिए प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में अलवर में निरन्तर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भयमुक्त अलवर बनाने एवं अलवर में कानून व्यवस्था मजबूत करने के लिए पुलिस प्रशासन के साथ मुस्तैदी के साथ काम करेंगे। उन्होंने कहा कि विगत तीन महीने पहले अलवर को शिक्षा के लिए ज्ञान वाहन उपलब्ध कराए गए, इसके एक महीने बाद शहर की साफ-सफाई के लिए बडे मेकेनिकल वाहन दिए गए, इसके बाद स्वास्थ्य तंत्र को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से चार रेडक्रॉस वाहन और विधायक निधि से अलवर की सुरक्षा को सुदृढ करने के लिए चार महिन्द्र कैम्पर वाहन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। आने वाले समय में नागरिकों को अच्छी हवा मिले इसके लिए इलेक्ट्रॉनिक वाहन की सौगात दी जाएगी। वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने कहा कि अपराधियों को पकडने व अपराध पर लगाम लगाने में एमएलए लैड से साढे 42 लाख रूपये की लागत से उपलब्ध कराए गए 4 महिन्द्रा कैम्पर वाहनों से पुलिस विभाग की सहूलियत में इजाफा होगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में अलवर को अपराध मुक्त जिला बनाकर राजस्थान में एक उदाहरण प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में अपराध व अपराधियों के विरूद्ध सख्त रूख रखते हुए प्रदेश में कानून व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने की दिशा में काम किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने वन राज्यमंत्री एवं अलवर शहर विधायक संजय शर्मा का विधायक निधि से 4 कैम्पर वाहनों उपलब्ध कराने पर आभार जताते हुए कहा कि इन कैम्पर वाहनों से पुलिस की गश्त व्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि पुलिस सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन में विश्वास एवं अपराधियों में भय के मूलमंत्र के आधार पर काम कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि अलवर शहर में हुई वारदातें आरोपियों को यथाशीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा तथा शहर में कानून व्यवस्था मजबूत की जाएगी। उन्होंने कहा कि अखैपुरा थाने के भवन के लिए भी केंद्रीय वन मत्री भूपेन्द्र यादव एवं वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने 1 करोड रूपये की राशि उपलब्ध कराई जा रही है। उस पर कार्य चल रहा है।

### भाखेडा एनीकट से शहर के जल स्तर में होगा सुधार, वन्यजीवों को मिलेगा पेयजल

केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव तथा वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने करीब 5 करोड रूपये की लागत से राशि से बनने वाले भाखेडा एनीकट का विधिवत भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार अलवर शहर, जिले एवं पूर्वी राजस्थान में पेयजल, सिंचाई आदि के लिए जल की उपलब्धता के लिए प्रतिबद्धता से काम कर रही है। वन राज्यमंत्री संजय शर्मा के प्रयासों से भाखेडा में यह बांध बन रहा है। अलवर शहर एनीकट में वर्षा जल संग्रहण से भूजल स्तर में वृद्धि होगी तथा ग्राउंड वाटर टेबल बढने से ट्यूबवेल, हैण्डपम्प एवं कुओं में जल का प्राकृतिक पुनर्भरण होगा। वन राज्यमंत्री शर्मा ने कहा कि करीब 5 करोड रूपये की लागत से यह बांध बनेगा, एनीकट के निर्माण होने पर भाखेडा, ढाईपेडी, लिवारी तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों, पशु-पक्षियों व वन्यजीवों को पेयजल सुगमता से मिलने में सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि अलवर शहर में पेयजल की उपलब्धता के लिए कई एनीकट बनाए जा रहे है। साथ ही नलकूप व सिलीसेढ झील से पेयजल की आपूर्ति का भी कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि नटनी का बारा से जयसमंद तक नहर को पक्की करने का कार्य भी प्रगतिरत है। इस दौरान रामगढ विधायक सुखवंत सिंह, सीसीएफ संग्राम सिंह कटियार, जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता एवं महासिंह चौधरी, घनश्याम गुर्जर, महाराज सुबरामदास, बन्नाराम मीणा, सतीश यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. प्रियंका, जलसंसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता संजय खत्री, निकुंज सांगी, जितेन्द्र राठौड, जितेन्द्र सैनी, महेश निहालवानी, डॉ. अशोक आर्य, डॉ. सत्यभान यादव, अरूण जैन सहित अनेक प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में छात्राए एवं आम नागरिक मौजूद रहे।

## महिला सुरक्षा और अधिकारों पर जागरूकता बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(निसं.)** महिला अधिकारिता विभाग द्वारा महिला सुरक्षा और अधिकारों को लेकर जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के कार्यालय परिसर में हुई, जिसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और उनसे जुड़े विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी देना था बैठक में महिला विशेषज्ञों ने सुरक्षा से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की पर्यवेक्षक अभिलाषा ने घरेलू हिंसा, लैंगिक भेदभाव आधारित हिंसा, उसके कारणों और रोकथाम के उपायों पर उपयोगी जानकारी साझा की बैठक के दौरान उपस्थित महिलाओं को आत्मरक्षा से संबंधित सुझाव और कानूनी सलाह भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में महिलाओं ने सक्रिय रूप से प्रश्न पूछे, जिससे सत्र और अधिक संवादात्मक बन गया इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों से आई महिलाओं तथा महिला अधिकारिता विभाग से जुड़ी महिला कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया।

## पल्स पोलियो अभियान में शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डा. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन मे चले तीन दिवसीय उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान मे जिले ने शत-प्रतिशत उपलब्धि अर्जित की गई। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मंजु शर्मा ने बताया कि उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के दौरान कुल 2,76,545 बच्चों को तीन दिवस मे पोलियो की खुराक दी गई। इस अभियान में 1822 बूथ, 1824 टीमे 42 मोबाईल टीम एवं 58 ट्रांजिट टीमों ने भाग लिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अलवर डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि सम्पूर्ण अभियान की मोनिटरिंग जिला स्तर के अधिकारियों के द्वारा एवं 210 सुपरवाईजर के द्वारा की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र शर्मा एवं जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मंजु शर्मा ने इस अभियान से जुडे सभी अधिकारियों, कार्मिकों, एएनएम, आशा, आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को सफलता का श्रेय दिया है।

## तीन दिवसीय उप राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस का हुआ समापन



जयपुर टाइम्स

**कोटपुतली(निसं.)।** जिला नोडल अधिकारी रविकांत जांगिड़ ने बताया कि जिले में तीन दिवसीय पल्स पोलियो उप-राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस का बुधवार को समापन हुआ जिसके अंतर्गत जिले में तीन दिवस के लिए 157000 लक्ष्य निर्धारित किए गए थे जिसमें तीन दिवस मे 153171 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर 98 प्रतिशत लक्ष्यों की प्राप्ति की गई।

## जिला कलक्टर ने बैठक में जेएसजेबी अभियान के तहत जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सीएसआर सहयोगी संगठनों एवं सामाजिक संगठनों को किया सम्मानित

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिले में जल संचय जन भागीदारी (जेएसजेबी) अभियान के अंतर्गत सीएसआर के माध्यम से इंडस्ट्रीज, व्यापारिक संगठनों व प्रतिष्ठानों, एनजीओ एवं सामाजिक संगठनों द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए सराहना की तथा उन्हें प्रशस्ति पत्रा प्रदान कर सम्मानित किया। जिला कलक्टर ने कहा कि जल संचय जन भागीदारी (जेएसजेबी) अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अलवर जिले का तृतीय श्रेणी में प्रथम स्थान पर चयन होने पर राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार स्वरूप 25 लाख रुपए की राशि से सम्मानित किया गया है। इसके लिए उन्होंने विभागीय अधिकारियों सहित सीएसआर के माध्यम से इंडस्ट्रीज, व्यापारिक संगठनों व प्रतिष्ठानों, एनजीओ एवं सामाजिक संगठनों द्वारा आपसी समन्वय से किए गए उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की तथा सभी को धन्यवाद प्रेषित करते हुए कहा कि अभियान के तहत बूंद-बूंद जल के संरक्षण के लिए टीमवर्क के साथ सरकारी विभागों एवं निजी संगठनों के माध्यम से और अधिक वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं का निर्माण किया जाएं। जिला कलक्टर ने कहा कि समग्र सरकार और समग्र समाज के दृष्टिकोण से प्रेरित यह पहल जमीनी स्तर पर जल प्रबंधन सहभागिता और सतत जल प्रशासन को बढ़ावा देती है। जल संचयन संरचनाओं में भवनों की छतों के वर्षा जल संचयन के साथ ही झीलों, तालाबों और बावड़ियों का पुनरुद्धार करना शामिल है। उन्होंने सीएसआर कंपनियों के प्रतिनिधियों से उनके द्वारा जिले में विभिन्न क्षेत्रों में किये जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के लिए फीडबैक लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए।

### *इन्हें जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यो के लिए किया गया सम्मानित*

*बैठक में सीएसआर के माध्यम से इंडस्ट्रीज, व्यापारिक संगठनों व प्रतिष्ठानों, एनजीओ एवं सामाजिक संगठनों द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिसमें यूनाइटेड स्पिरिट लिमिटेड, पेरेवियर रोको प्राइवेट लिमिटेड, हैवेल्स इंडिया लिमिटेड, अशोक लीलैंड लिमिटेड, मेटसो लिमिटेड, ल्यूपिन ह्यूमन वेलफेयर एवं रिसर्च फाऊंडेशन, रिलैक्सो फुटवियर लिमिटेड, पीएचडी रूरल डेवलपमेंट फाऊंडेशन नई दिल्ली, ग्रामोदय सामाजिक संस्थान, होटल एवं रेस्टोरेंट एसोसिएशन सरिस्का, अंबुजा फाउंडेशन एवं एसएम सहगल फाउंडेशन को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सालुखे गौरव रविंद्र, नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका, रीको के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक परेश सक्सेना, उद्योग केंद्र के जीएम एम.आर मीना, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश गुप्ता सहित सीएसआर इंडस्ट्रीज, व्यापारिक संगठनों व प्रतिष्ठानों, एनजीओ एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे तथा वीसी के माध्यम से समस्त बीडीओ जुड़े।*

## मत्स्य उत्सव के तीसरे दिन हैण्डीक्राफट व फूड मेला तथा सांस्कृतिक रंगों से सराबोर शोभायात्रा रही आकर्षण का केंद्र

### जिला कलक्टर ने नगाडा बजाकर शोभायात्रा का किया शुभारम्भ

जयपुर टाइम्स





**अलवर(निसं.)।** जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय मत्स्य उत्सव के तीसरे दिन पुरजन विहार (कम्पनी बाग) में योगा एवं मेडिटेशन कार्यक्रम, सागर जलाशय पर हैण्डीक्राफट एवं फूड मेला तथा होप सर्कस से सागर तक सांस्कृतिक रंगों से सराबोर शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाओं सहित शहर के सभी आयु वर्ग के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर सहभागिता निभाई।

**स्वस्थ जीवन शैली के लिए अपनायें योग**

मत्स्य उत्सव के कार्यक्रमों की श्रृंखला में आमजन के स्वस्थ निरोगी जीवन के उद्देश्य से आयुर्वेद विभाग के दिशा निर्देशन में पुरजन विहार (कंपनी गार्डन) में 'योगा फोर ऑल' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतुल्य अलवर के तहत शहरवासियों ने योग कर स्वस्थ जीवन शैली के लिए योग को दिनचर्या में अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय योगेश डागुर ने स्वच्छता की शपथ दिलाई। आयुर्वेद विभाग की ओर से योग कार्यक्रम समन्वयक डॉ. पवन सिंह शेखावत ने बताया कि कार्यक्रम में पतंजलि योग संस्थान, गांधी स्वास्थ्य सदन समिति एवं योग प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान, हार्टफुलनेस सेंटर, भारतीय योग संस्थान, कल्पतरु योग संस्थान के योग शिक्षकों ने मुख्य मंच से ध्यान एवं योगाभ्यास करवाया। कार्यक्रम का संचालन दिनेश शर्मा ने किया।

**जिला कलक्टर ने नगाडा बजाकर शोभायात्रा का किया शुभारम्भ**

मत्स्य उत्सव के तहत आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में सांस्कृतिक रंगों से सराबोर शोभायात्रा होप सर्कस से सागर तक निकाली गई, जिसका जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला द्वारा नगाडा बजाकर शुभारम्भ किया गया। शोभायात्रा में मयूर नृत्य, कालबेलियां नृत्य, चकरी नृत्य, सहरिया नृत्य, गैर नृत्य, भपंग वादन, बम रसिया, पद दंगल, कच्छी घोडी, रो बिले, अलगोजा के कलाकारों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सज्ज-धज कर बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रमों में एडीएम शहर बीना महावर, यूआईटी सचिव धीगदे स्नेहल नाना, नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका, यूआईटी के भूमि अवत्ति अधिकारी जितेंद्र सिंह नरूका, पर्यटन विभाग की उपनिदेशक डॉ. टीना यादव, आयुर्वेद विभाग के उप निदेशक डॉ. करण सिंह दहिया, सहायक निदेशक डॉ. सुरेश कुमार वर्मा, संयुक्त व्यापार महासंघ अध्यक्ष हरमीत मेंहदीरत्ता, कंपनी बाग विकास समिति के अध्यक्ष श्रवण कुमार महावर, डॉ. एस सी मित्तल सहित बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

### दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा

## अहमदाबाद से दिल्ली जा रही बस ट्रक में घुसी 31 घायल –दो की मौत

### 8-10 अलवर जिला अस्पताल में भर्ती

जयपुर टाइम्स





**राजगढ़(निसं.)** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस- वे पर मंगलवार सुबह बड़ा सड़क हादसा हो गया, जब अहमदाबाद से दिल्ली जा रही यात्री बस ने सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार गई। हादसा राजगढ़ थाना क्षेत्र में हुआ और टक्कर इतनी भयानक थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया दुर्घटना में कुल 31 यात्री घायल हुए हैं, जिनमें से दो यात्रियों की मौत हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल 8 से 10 यात्रियों को अलवर जिला अस्पताल रेफर किया गया है, जबकि बाकी घायलों का इलाज स्थानीय अस्पताल में जारी है। जानकारी अनुसार बताया कि वह नूंह की ओर जा रहे थे, तभी टायर पंक्चर हो जाने से ट्रक को सड़क किनारे खड़ा करना पड़ा। इसी दौरान तेज रफ्तार में आ रही अहमदाबाद-दिल्ली रूट की बस ट्रक में जा घुसी। बस की रफ्तार इतनी तेज थी कि यात्रियों के चीखने-चिल्लाने की आवाज दूर तक सुनाई दी बस में सवार शब्बीर, हारुन, अकरम, रमेश, कार्तिक, सुधाकर, रघुनाथ, राजेश परमार, जाहुल सहित कई यात्रियों को गहरी चोटें आई हैं। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया और घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा। पुलिस ने दोनों वाहनों को हटवाकर एक्सप्रेस-वे पर यातायात बहाल किया। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

# नेत्र चिकित्सा शिविर में 57 लोग हुए लाभान्वित

### मरीज समय पर जाँच करवाकर आँखों की रोशनी को बचा सकता हैं - एम जे एफ लायन गुप्ता

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** लायंस क्लब अलवर मत्स्य, अलवर जिला स्काउट एण्ड गाइड फैलोशिप, मित्तल हॉस्पिटल एवं जिला अन्धता निवारण समिति अलवर के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को स्थानीय युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल हो योपैथिक मेडिकल कॉलेज में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया गया। इस निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में कुल 57 लोग लाभान्वित हुए तथा मोतियाबिंद (लेंस प्रत्यारोपण) के ऑपरेशन हेतु 7 लोगो का आज चयन किया गया 7 शिविर के दौरान बहुत से लोगो के हाई ब्लड प्रेशर, हाई ब्लड शुगर को देखकर एमजेएफ लायन गिरीश गुप्ता (पूर्व रीजन चेयरपर्सन) ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए उनकी कांसलिंग करी तथा दिन प्रतिदिन की दिनचर्या में बदलाव के तरीको से अवगत करवाते हुए बताया कि यदि मरीज समय पर नियमित जाँच करवाता रहे ओर ब्लड प्रेशर एवं ब्लड शुगर को कण्ट्रोल रखे तो लम्बे समय तक आँखों की रोशनी एवं बीमारियों से बचा जा सकता है। शिविर संयोजक एवं लायंस क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233 ई 1 के लायन सतीश कुमार गुप्ता ने बताया कि यह शिविर अलवर के युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल हो योपैथिक मेडिकल कॉलेज में हर माह की 25 तारीख को लगाया जाता है क्योकि शिवाजी पार्क, बुध बिहार, हसन खा मेवात एवं अन्य आस पास के क्षेत्र में बहुत से नेत्र रोगी है पर किसी ना किसी मजबूरी के चलते वो सामान्य चिकित्सालय में आकर नही दिखा पाते है। ऐसे में मंगलवार को शिविर में लायंस क्लब अलवर के टेकनीशियन ललित शर्मा ने तथा युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल हो योपैथिक मेडिकल कॉलेज के प्रीतम शर्मा ने अपनी निःशुल्क सेवाये प्रदान की। इसके अलावा आवश्यकतानुसार मरीजो को निःशुल्क दवा भी वितरित की गई कार्यक्रम सहसंयोजक लायन सत्यनारायण अग्रवाल ने बताया कि मोतियाबिंद (लेंस प्रत्यारोपण) रोग से पीडित कुल 07 मरीजो के ऑपरेशन मित्तल हॉस्पिटल, सुभाष नगर अलवर में 11,12 दिस बर 2025 को किये जायेंगे। मरीज को रहने, खाने-पीने, लेंस, ऑपरेशन, चश्मा, दवा इत्यादि सभी सुविधाए पुर्णतः निःशुल्क प्रदान करायी जायेगी तथा अगले दिन मरीज को छुट्टी दे दी जायेगी। शिविर में लायंस क्लब से पूर्व रीजन चेयरपर्सन लायन गिरीश गुप्ता, लायन सत्यनारायण अग्रवाल, लायन सतीश कुमार गुप्ता, लायन अनिल बंसल , लायन गोविन्द चन्द गोयल ,युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल हो योपैथिक मेडिकल कॉलेज से डॉ. अशोक पाठक सहित पूरी टीम ने सहयोग प्रदान किया।

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
26 नवम्बर, 2025

## भामाशाह चोखानी की जयन्ती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)।** श्री सनातन धर्म पंचायत उमावि, मण्डावा में मंगलवार को स्कूल के निर्माण कर्ता रहे भामाशाह रायबहादुर रामदेव चोखानी की जयन्ती श्रद्धापूर्वक मनाई गई । प्रधानाचार्य डॉ. विद्या पुरोहित ने अपने अध्यक्षीय उदबोधन में स्व. सेठ चोखानी के जीवन चरित्र को रेखाकिंत करते हुए कहा की मण्डावा में शिक्षा की अलख जगाने वाले नारी शिक्षा को बढ़ावा देने वाले थे । मण्डावा कॉलेज प्राचार्य डा. वंदना गौतम ने स्व.सेठ चोखानी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन शिक्षा के प्रति समर्पित था । कार्यक्रम में ममता सैनी, अतिका शर्मा, सरिता झाझड़िया, रीना हरितवाल, पवन सैनी, अनूप चौहाण , रमेश शर्मा सहित अनेक गण मान्य लोग मौजूद थे । अन्त में गौतम मिश्रा ने आभार जताया । आरम्भ में उपस्थितजनों ने स्व. सेठ चौखानी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।

## मण्डावा में शतरंज प्रतियोगिता एक से होगी शुरू

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)।** स्व. सेठ चिरंजीलाल तोलासरिया की 8वीं पुण्यतिथि पर चार दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ आगामी एक दिसम्बर को तोलासरिया - हवेली होगी तथा आगामी चार दिसम्बर को प्रतियोगिता का समापन होगा । प्रायोजको की ओर से प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले विजेता प्रतिभागियों को क्रमशः 5100,3100 तथा 2100 रूपए नगद तथा ट्रॉफी प्रदान कर पुरूस्कृत किया जाएगा । यह जानकारी आदित्य तोलासरिया ने दी ।

## विधायक को भेंट किया आचार्य महाप्रज्ञ का साहित्य



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा निर्देशित कार्य आचार्य तुलसी के दीक्षा शताब्दी वर्ष पर उनके जीवन गाथा की पुस्तक धर्म चक्र का प्रवर्तन (रचित आचार्य श्री महाप्रज्ञ) विधायक मनोज मेघवाल को भेंट की गई। तेरापंथ महिला मंडल सुजानगढ़ की बहनों द्वारा विधायक को उनके आवास पर जाकर साहित्य भेंट किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष राजकुमारी भूतोड़िया, उपाध्यक्ष सरिता पिंचा, कोषाध्यक्ष सज्जन देवी बोकड़िया, पार्षद मधु बागेचा, विजया राजपुरिया, सुमन चौरड़िया, सीमा बोरड़, कुसुम फूलफगर, शोभा देवी सेठिया, अंजू सेठिया सहित अनेक आदि मौजूद रहे।

## स्वामी राष्ट्रीय गौरव सम्मान से मेरठ में होंगे सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता एवं गांव बरड़ासर निवासी गणेशदास स्वामी को प्रकृति फाउंडेशन मेरठ की ओर से समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए एक भव्य समारोह में 30 नवम्बर को अग्रसेन विहार मेरठ में सम्मानित किया जाएगा। देश में साहित्य, शिक्षा, चिकित्सा, पर्यावरण एवं समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाले 27 जनों को सम्मानित किया जाएगा। स्वामी पिछले 35 वर्षों से सेवा कार्यों से जुड़े हैं। राष्ट्रीय पल्स पोलियो, वृक्षारोपण, नशा मुक्ति, नेत्रदान, रक्तदान, अंगदान एवं देहदान जैसे कार्यों के प्रेरक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।इसके लिए उन्हें अनेकों सम्मान मिल चुकें हैं। क्षेत्र के गणमान्यजनों ने स्वामी को बधाईयां दी।

## विधायक को भेंट किया आचार्य महाप्रज्ञ का साहित्य

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा निर्देशित कार्य आचार्य तुलसी के दीक्षा शताब्दी वर्ष पर उनके जीवन गाथा की पुस्तक धर्म चक्र का प्रवर्तन (रचित आचार्य श्री महाप्रज्ञ) विधायक मनोज मेघवाल को भेंट की गई। तेरापंथ महिला मंडल सुजानगढ़ की बहनों द्वारा विधायक को उनके आवास पर जाकर साहित्य भेंट किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष राजकुमारी भूतोड़िया, उपाध्यक्ष सरिता पिंचा, कोषाध्यक्ष सज्जन देवी बोकड़िया, पार्षद मधु बागेचा, विजया राजपुरिया, सुमन चौरड़िया, सीमा बोरड़, कुसुम फूलफगर, शोभा देवी सेठिया, अंजू सेठिया सहित अनेक आदि मौजूद रहे।

## ग्रीन स्पेस पार्क को लेकर दिया ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नगरपरिषद की सभापति निलोफर गौरी को सामाजिक कार्यकर्ता सोहिल गोपालपुरिया ने ज्ञापन सौंपकर नाथोतालाब स्थित ग्रीन स्पेस पार्क में समुचित व्यवस्थाएं आम लोगों के लिए किए जाने की मांग की है। ज्ञापन में गोपालपुरिया ने बताया है कि यह पार्क काफी लम्बे समय से उपेक्षित है और खेलने कूदने के लिए लगाए गए उपकरण भी पर्याप्त संख्या में नहीं है। इसलिए यहां पर व्यायाम आदि के लिए पर्याप्त उपकरण भी लगवाये जावें।

# झुंझुनूं में डेंगू के अब तक 156 मरीजः जिले में पिछले पांच साल से कम आ रहे हैं मौसमी बीमारियों के मरीज

जयपुर टाइम्स




**झुंझुनूं(निसं.)।** झुंझुनूं जिले में डेंगू-मलेरिया जैसे मौसमी रोग हर साल बड़ी चुनौती बनकर सामने आते हैं, लेकिन इस साल स्थिति पहले से काफी बेहतर रही। जिले में अब तक डेंगू के 156, मलेरिया का 1 और चिकनगुनिया के 6 मरीज मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इसे मौसमी बीमारियों के मामलों में आई बड़ी गिरावट मान रहे हैं। अच्छी बरसात, समय पर फॉगिंग और लोगों की बढ़ती जागरूकता इसके प्रमुख कारण बताए जा रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इस बार झुंझुनूं में बरसात तेज हुई, जिससे खुले स्थानों पर जमा पानी बह गया और मच्छर का लार्वा पनप नहीं पाया। बीडीके अस्पताल के पीएमओ डॉ. जितेंद्र भांबू ने कहा- अच्छी मॉनसून गतिविधि और लोगों की जागरूकता ने इस बार जिले में डेंगू के मामलों को काफी हद तक नियंत्रित किया है। यह मौसमी बीमारियों के खिलाफ सकारात्मक संकेत है। शेखावाटी में इस बार कंट्रोल रही मौसमी बीमारियां शेखावाटी के अन्य जिलों की बात करें तो सीकर और चूरू में भी स्थिति इस बार संतुलित रही। सीकर में डेंगू के 50, मलेरिया के 5 और चिकनगुनिया के 7 मरीज सामने आए। वहीं चूरू में 47 डेंगू, 9 मलेरिया और 9 चिकनगुनिया के केस मिले। तीनों जिलों में इस वर्ष गंभीर केस या मौत का मामला सामने नहीं आने से स्वास्थ्य विभाग को बड़ी राहत मिली है। अगर प्रदेश के आंकड़ों से तुलना करें तो राजस्थान में इस साल अब तक डेंगू के 3,496, मलेरिया के 1,557 और चिकनगुनिया के 289 केस मिले हैं। यह संख्या पिछले चार-पांच सालों से लगातार कम होती जा रही है। वर्ष 2021 में प्रदेश में डेंगू के 20 हजार से अधिक मरीज मिले थे, जबकि 2025 में यह संख्या घटकर एक चौथाई से भी कम रह गई है। मौसमी बीमारियों से बचाव को लेकर समाज और स्वास्थ्य व्यवस्था, दोनों ही स्तरों पर सकारात्मक बदलाव देखने को मिले हैं। डेंगू के मामलों में बीकानेर इस बार भी प्रदेश में सबसे ऊपर रहा, जहां 561 मरीज मिले, जबकि सिरोही में केवल 5 मरीज दर्ज हुए। झुंझुनूं जिले की स्थिति इस सूची में अपेक्षाकृत बेहतर मानी जा रही है, क्योंकि जिले में संक्रमण सीमित दायरे में ही रहा। फील्ड टीमों की ओर से लगातार फॉगिंग, एंटी लार्वा छिड़काव और स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन इस नतीजे के पीछे अहम वजह बताया जा रहा है। पांच साल के आंकड़ों की बात करें तो मौसमी बीमारियों का ग्राफ लगातार नीचे जा रहा है। 2021 में जहां प्रदेश में डेंगू के 20,141 मरीज मिले थे, वहीं 2025 में यह संख्या घटकर 3,496 रह गई। मलेरिया और चिकनगुनिया में भी इसी तरह की गिरावट दर्ज हुई है। यह ट्रेंड बताता है कि स्वास्थ्य विभाग की रणनीति सही दिशा में है और लोग अब पहले से ज्यादा सतर्क हो चुके हैं। झुंझुनूं जिला लंबे समय से डेंगू के चुनौति पूर्ण सीजन का सामना करता रहा है, लेकिन इस साल संक्रमण में कमी से चिकित्सा विभाग को बड़ी राहत मिली है। साल के 11 महीनों में डेंगू-मलेरिया से एक भी मौत दर्ज नहीं होना इस बात का संकेत है कि जिले में रोकथाम के प्रयास प्रभावी रहे हैं।

## सिंचाई के पानी की मांग को लेकर किसानों ने दिया ज्ञापन

जयपुर टाइम्स




**तारानगर(निसं.)** तारानगर क्षेत्र धीरवास सब माइनर की डिग्गी नं. 08 में सिंचाई पानी सुविधा सुधाकर अनियमितता बरत रहे ठेकदारों के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर धीरवास गाँव की डिग्गी नं. 08, 10, 11 ए, 11 बी के किसानों ने आईजीएनपी के अधिशाषी अभियंता को ज्ञापन दिया। किसानों ने ज्ञापन में लिखा है कि धीरवास सब माइनर से हमारे गांव डाबडी छोटी की कृषिभूमि में सिंचाई होती है। सरकार द्वारा डिग्गी सिस्टम से कातश्कारों को सिंचाई का पानी देने के उद्देश्य से डिग्गी नं. 08 के कमाण्डेड समस्त किसानें के खेतों तक पाईप लाईन डालकर पानी दिया जाना सुनिश्चित था लेकिन ठेकेदार द्वारा घटिया पाईपलाईन डालने से व अध्यक्ष तथा ठेकेदार द्वारा अपनी मनमर्जी से सिंचाई पानी देने तथा अनावश्यक बिजली कटौती के चलते किसानों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है जिस कारण किसानों की फसल खराब हो रही है जिससे समस्त किसानों में भारी रोष व्याप्त है। किसानों ने धीरवास सब माईनर पर स्थित डिग्गी नं. 08 पर अध्यक्ष व ठेकेदार द्वारा की जा रही अनियमितता को बंद करवाकर सभी किसानों को पर्याप्त सिंचाई पानी दिये जाने की मांग की एवं डिग्गी नं. 10 व 11ए तथा 11 बी के खालों की सफाई करवाकर डिग्गीयों को शुरू कर किसानों को सिंचाई पानी दिया देने की भी मांग की जिससे किसान अपनी फसलों में सिंचाई कर सके। किसानों ने चेतावनी भरे शब्दों में कहा कि यदि 5 दिन में उक्त व्यवस्था सही नहीं होती है तो मजबूरन धरणा प्रदर्शन कर आन्दोलन करेंगें जिसकी जिम्मेवारी प्रशासन की होगी।

## चलती ट्रेन से उतर रहा युवक प्लेटफॉर्म पर गिराः सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आईं, झुंझुनं से जयपुर रेफर

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निसं.)** झुंझुनूं रेलवे स्टेशन पर मंगलवार दोपहर चलती ट्रेन से उतरने की कोशिश में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक का उतरते समय बैलेंस बिगड़ गया, जिससे वह प्लेटफॉर्म पर जोर से गिर पड़ा। इससे उसके सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आईं हैं। घायल को बीडीके हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया, जहां से उसे जयपुर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार- पिलानी निवासी राहुल शर्मा(33) पुत्र परमेश्वर लाल शर्मा झुंझुनूं से सूरजगढ़ जाने वाली पैसेंजर ट्रेन का इंतजार कर रहा था। वह गलती से दुरंतो ट्रेन में चढ़ गया और ट्रेन के चलते ही जल्दबाजी में वापस उतरने की कोशिश की। इस दौरान उसका बैलेंस बिगड़ गया और वह प्लेटफॉर्म पर जोर से गिर पड़ा। इससे उसके सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार- दुरंतो ट्रेन प्लेटफॉर्म नंबर एक पर थोड़े समय के लिए रुकी थी। राहुल को लगा कि यह ट्रेन सूरजगढ़ की ओर जाएगी। जैसे ही ट्रेन ने रफ्तार पकड़नी शुरू की, उसे अपनी गलती का एहसास हुआ और वह तुरंत उतरने की कोशिश में दरवाजे से बाहर छलांग लगा बैठा। लोगों ने बताया कि बाहर आते ही उसका पैर फिसला और वह सीधे प्लेटफॉर्म पर जा गिरा। गिरते ही वह कुछ देर तक वहीं तड़पता रहा। मौके पर मौजूद जीआरपी के कॉन्स्टेबल मुकेश कुमार ने बिना देर किए भीड़ को नियंत्रित किया, फिर घायल युवक को बीडीके अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उसके सिर में गहरी चोट, छाती में दर्द और पैर में गंभीर फ्रैक्चर की आशंका जताई। डॉक्टरों ने शुरुआती इलाज के बाद युवक की स्थिति को गंभीर बताते हुए उसे तुरंत जयपुर रेफर कर दिया। झुंझुनूं से सूरजगढ़ जाने वाली ट्रेन का मिला टिकट इस बीच, जीआरपी ने युवक के पास से मिले टिकट और सामान की जांच की। राहुल शर्मा के पास झुंझुनूं से सूरजगढ़ जाने वाली ट्रेन का टिकट मिला, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि वह अपने गंतव्य को लेकर कंफ्यूजन में दुरंतो ट्रेन में चढ़ गया था। परिजन को सूचना देने के बाद पुलिस ने मामले की पूरी जानकारी दर्ज की। कॉन्स्टेबल मुकेश कुमार ने बताया कि दुरंतो जैसी तेज रफ्तार सुपरफास्ट ट्रेनें अक्सर लंबे समय तक नहीं रुकती और यात्रियों को प्लेटफॉर्म पर घोषणाओं को ध्यान से सुनना चाहिए। राहुल शर्मा का मामला भी जल्दबाजी और असावधानी के कारण हुआ हादसा है। गंभीर हालत को देखते हुए युवक को बीडीके अस्पताल से जयपुर रेफर किया गया।

## आर्य वंचित, शोषित और गरीब तबके के लिये प्रतिबद्ध थे-कस्वां

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निसं.)** रतनगढ़ रोड़ स्थित आदर्श छात्रावास में पूर्व विधायक रावतराम आर्य की पंचम पुण्यतिथि पर मंगलवार को उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। इस अवसर पर पूर्व सांसद रामसिंह कस्वां ने कहा कि झोंपड़ी से लेकर विधानसभा तक पहुँचने वाले आर्य का जीवन सादगीपूर्ण था। वे सदैव वंचित, शोषित और गरीब तबके के लिये प्रतिबद्ध थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आसाराम सैनी ने कहा कि आर्य सामाजिक सरोकारों में अग्रणी रहने वाले आमजन के हितेषी थे। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष रामरतन सिहाग ने कहा कि आर्य चूरू के प्रथम जिला प्रमुख और पांच बार विधायक रहे। चौधरी कुम्भाराम आर्य और रावतराम आर्य ने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए छात्रावास का निर्माण किया। इस अवसर पर आदर्श छात्रावास समिति के अध्यक्ष मोहन लाल आर्य ने कहा कि आजादी से पहले वे छुआछुत और पाखंड़वाद का विरोध करने पर घर छोड़कर सरदारशहर में आर्य समाज धर्म ग्रहण कर शिक्षा के प्रति रूख किया और संघर्ष के साथ आमजन के कल्याण हेतु समर्पित रहे। कार्यक्रम को पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया, वरिष्ठ नेता रामेश्वर प्रजापति, चन्द्रमोहन सैनी, सुखाराम घिंटाला, आसिफ खान, महावीर नेहरा, शेरखान, चानणमल सैनी, श्रवण बसेर आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में एनएसयू आई के जिलाध्यक्ष नरपत रोलण, जंगशेर खान, जयचंद मेघवाल, शिशराम ढ़ाका, सुरेन्द्र प्रजापत, हरिकृष्ण जांगिड़, ओमप्रकाश बाकोलिया, पूर्व सरपंच पालाराम, दुर्गाराम रायपुरिया, ईश्वरसिंह, श्योलाराम, पूर्व सरपंच लक्ष्मीनारायण सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य जन उपस्थित थे।

## दो सड़क हादसों में हुए 9 लोग घायल

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** दो सड़क हादसों में कुल नौ लोग घायल हो गए। पहला सड़क हादसा सुजानगढ़ सालासर रोड मींगना गांव के पास हुआ, जिसमें कार का टायर फटने से संतुलन बिगड़ गया और ट्रक में कार जा भीड़ी। सूचना पर टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, एम्बुलेंस चालक भरत मौक़े पर पहुंचे तथा सोनू प्रजापत और अन्य की सहायता से ट्रक चालक पंजाब निवासी परमजीत को सुजानगढ़ अस्पताल लाकर इमरजेंसी मे इलाज कराया। कार सवार व्यक्ति को इस हादसे में मामूली चोट आई। रात को ही सदर पुलिस थाने की सब इंस्पेक्टर गीता रानी मौके पर पहुंची और वाहनों को साईड में करवाकर यातायात बहाल करवाया। दूसरा सड़क हादसा दोपहर को हनुमानगढ़ किशनगढ़ मेगा हाईवे स्थित गनोड़ा चौराहा पर हुआ। जानकारी के अनुसार एक कमांडर जीप रतनगढ़ साइड से जायल साइड जा रही थी, दूसरी और उड़वाला साइड से एक कैम्पर गनोड़ा चौराहा पर एक खड़ी मोटरसाइकिल से टकराकर कमांडर जीप से जा टकराई। हस हादसे में सात लोग घायल हो गए। घायलों में रामगोपाल, सिद्धार्थ, निवासीगण सुजानगढ़, कैम्पर में सवार देवकृष्ण, डूंगरराम, मांगीलाल, निवासीगण उड़वाला शामिल हैं। इसी प्रकार कमांडर जीप में सवार बंशी नाथ, गुलाबनाथ, आज़ाद नाथ निवासी छोटी खाटू घायल हो गए। डॉ रामरतन बिस्सू, डॉ राजन महला, डॉ महिपाल सिंह, संगीता, सुरेंद्र सिंह आदि ने घायलों का इलाज किया। कोतवाली थाना सुजानगढ़ से हेड कांस्टेबल जगदीश जाखड़ मौक़े और अस्पताल पहुंचे तथा मामले की जानकारी ली। वाहनों को साईड में करवाकर यातायात बहाल करवाया गया।

## श्रमिकों को सुरक्षा और बालकों शिक्षा के प्रति किया जागरूक

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के तत्वावधान में मंगलवार को सरदारशहर में श्रमिकों के लिए एक व्यापक सामुदायिक जागरूकता एवं जनसहभागिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परियोजना के अधिशाषी अभियंता मनोज कुमार मित्तल के कुशल निर्देशन में मानजी माली के कुआं के पास चल रहे कार्यस्थल पर श्रमिकों को व्यावसायिक सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया गया। सुरक्षा उपायों पर विशेष बल कार्यक्रम के दौरान जयपुर से आए सीएमई विशेषज्ञ मनोज श्रीवास्तव ने सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने अपने संबोधन में स्पष्ट रूप से कहा कि सुरक्षा ही जीवन है और इस सिद्धांत को कार्य संस्कृति का अभिन्न अंग बनाने पर जोर दिया। श्रीवास्तव ने सभी श्रमिक साथियों से कार्य स्थल पर अनिवार्य रूप से सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करने का आह्वान किया। विशेष रूप से मैनहोल या आई चैंबर की सफाई जैसी जोखिम भरी गतिविधियों के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों और हाथों में हैंड ग्लव्स दस्ताने पहनकर रखने की आवश्यकता पर विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी। सहायक सामाजिक विकास विशेषज्ञ विकास शर्मा ने सुरक्षा नियमों के पालन के साथ-साथ श्रमिकों की सामाजिक भूमिका पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने श्रमिकों से अपने बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए उन्हें शिक्षित बनाने का आग्रह किया और सुझाव दिया कि वह अपने बच्चों का दाखिला पास की आंगनबाड़ी या स्कूल में अवश्य करवाएं। इस जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाने में एसओटी पवन सिंह का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। इस पहल का उद्देश्य परियोजनाओं में कार्यरत श्रमिकों के जीवन को सुरक्षित बनाना और उनके परिवारों के बीच शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देना है।

## पानी की कुंड से पानी निकालते समय कुंड में गिरने से बुजुर्ग व्यक्ति की मौत, भालेरी पुलिस ने करवाया शव का पोस्टमार्टम




जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** तहसील के गांव उदासर बिदावतान में खेत में पानी की कुंड से पानी निकालते समय पैर फिसलने से पानी की कुंड में गिरने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची भालेरी पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से मृतक के शव को पानी की कुंड से बाहर निकाल कर सरदारशहर के राजकीय उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। परिजनों के आने के बाद मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। भालेरी थाने के एएसआई हरफूल सिंह ने बताया कि मृतक जगदीश प्रसाद उम्र 55 साल के पुत्र रामनिवास ने रिपोर्ट देकर बताया कि मेरे पिताजी मंगलवार को हमारे घर से हमारी बकरियों को लेकर कृषि कार्य करने हेतु हमारे खेत गए थे। दोपहर को मेरे पिताजी बकरियों को खेत में छोड़कर खेत में पानी नहीं होने के कारण गांव के जोहड़ पायतन पर पानी लाने के लिए गए थे। जोहड़ पायतन से पानी निकलते समय मेरे पिताजी का पैर फिसल गया और वह पानी की कुंड में गिर गए। जिससे पानी में डूबने से उनकी मौत हो गई। बीच रास्ते में मेरे पिताजी को मिले एक व्यक्ति ने हमारे को जानकारी दी। हमारे द्वारा मौके पर पहुंचकर देखा तो मेरे पिताजी पानी की कुंड में गिरे हुए थे और उनका शव पानी में तैर रहा था। पुलिस को सूचना देने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पानी की कुंड से बाहर निकलवा कर शव का पोस्टमार्टम करवा कर सर्व परिजनों के सुपुर्द कर दिया। परिजनों की रिपोर्ट पर भालेरी पुलिस ने मर्ग दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी।

# भव्य मंदिर निर्माण की पूर्णता का उद्घोष



*आज उसी तिथि पर ध्वजारोहण परंपरा का निर्वाह ही नहीं, बल्कि यह संदेश भी है कि धर्म का प्रकाश सदा विजयी रहता है और रामराज्य के मूल्य कालजयी हैं। महर्षि वाल्मीकि ने कहा है, 'रामो विग्रहवान् धर्मः' अर्थात भगवान राम धर्म के साकार रूप हैं। ध्वजारोहण समारोह केवल एक दिवस, एक अनुष्ठान या उत्सव का क्षण नहीं है। यह वह ऐतिहासिक संधि-रेखा है जहां सहस्राब्दियों की सांस्कृतिक स्मृति, पांच दशकों का न्याय संघर्ष, संत-परंपरा का तप, करोड़ों श्रद्धालुओं का धैर्य और संपूर्ण राष्ट्र की सामूहिक चेतना एकत्र होकर सत्य की प्रतिष्ठा, धर्म के पुनरोदय और श्रीराम की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण की पूर्णता का उद्घोष कर रही है। भारत के अमृतकाल के सारथी आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कर-कमलों से पौष माह के शुक्ल पक्ष, द्वादशी, 22 जनवरी 2024 को अभिजित मुहूर्त में संपन्न हुई 'श्री राम लला' के बाल विग्रह की भव्य प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत*

आज श्री अयोध्याधाम में श्रीरामजन्मभूमि मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण का समारोह केवल मंदिर की पूर्णता का उत्सव नहीं, अपितु सनातन भारतीय आस्था, राष्ट्रधर्म और सांस्कृतिक अस्मिता के पुनर्प्रतिष्ठा की उद्घोषणा है। यह अवसर इसलिए भी विशिष्ट है कि वह संकल्प, जो कभी केवल भाव में था, आज वास्तु में बदल चुका है। वह स्थान जिसे लेकर शताब्दियों तक संघर्ष हुआ, वही अब श्रद्धा, गौरव और राष्ट्रीय चेतना का केंद्र बन चुका है। कोटि-कोटि श्रद्धालुओं की प्रतीक्षा पूर्णता को प्राप्त हुई है और इस तृप्ति में तप, त्याग और सामूहिक संकल्प की सुगंध समाहित है। विश्व इतिहास में अनेक संघर्ष हुए, साम्राज्य बने और मिटे, परंतु शायद ही कोई भूमि ऐसी हो जिसने इतने वर्षों तक अपने आराध्य के सत्य पर इतने अटल रहकर प्रतीक्षा की हो। श्रीराम जन्मभूमि का संघर्ष केवल न्याय का नहीं था, यह राष्ट्र के आत्मा के पुनरुद्धार का महायज्ञ था। शताब्दियों तक चले इस प्रयास में समाज का कोई वर्ग अछूता नहीं रहा। संन्यासी, संत, पुजारी, नागा, निहंग, राजनेता, चिंतक, विद्वान, साधारण गृहस्थ, वनों और कंदराओं में रहने वाले साधक, सभी ने जाति, पंथ या उपासना पद्धति जैसी सीमाओं से ऊपर उठकर स्वयं को रामकाज में समर्पित किया। श्रीअयोध्याधाम में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर पर ध्वजारोहण केवल एक मंदिर के निर्माण की पूर्णता नहीं है, वरन सुदीर्घ काल से संचित भाव, प्रतीक्षा, संघर्ष और श्रद्धा के प्रकाश में परिणत हो रहे हैं। विवाह पंचमी का दिव्य संयोग इसे और पवित्र बनाता है। मार्गशीर्ष शुक्ल पंचमी पर ही प्रभु श्रीराम और माता जानकी का विवाह हुआ था। यह विवाह केवल दांपत्य का नहीं, बल्कि धर्म और प्रकृति की एकात्मता का प्रतीक है। आज उसी तिथि पर ध्वजारोहण परंपरा का निर्वाह ही नहीं, बल्कि यह संदेश भी है कि धर्म का प्रकाश सदा विजयी रहता है और रामराज्य के मूल्य कालजयी हैं। महर्षि वाल्मीकि ने कहा है, 'रामो विग्रहवान् धर्मः' अर्थात भगवान राम धर्म के साकार रूप हैं। ध्वजारोहण समारोह केवल एक दिवस, एक अनुष्ठान या उत्सव का क्षण नहीं है। यह वह ऐतिहासिक संधि-रेखा है जहां सहस्राब्दियों की सांस्कृतिक स्मृति, पांच दशकों का न्याय संघर्ष, संत-परंपरा का तप, करोड़ों श्रद्धालुओं का धैर्य और संपूर्ण राष्ट्र की सामूहिक चेतना एकत्र होकर सत्य की प्रतिष्ठा, धर्म के पुनरोदय और श्रीराम की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण की पूर्णता का उद्घोष कर रही है। भारत के अमृतकाल के सारथी आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कर-कमलों से पौष माह के शुक्ल पक्ष, द्वादशी, 22 जनवरी 2024 को अभिजित मुहूर्त में संपन्न हुई 'श्री राम लला' के बाल विग्रह की भव्य प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत अयोध्या ने विश्व को जिस तरह आकर्षित किया है, वह अभूतपूर्व है। प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत मात्र डेढ़ वर्षों में ही अयोध्या में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं-पर्यटकों की संख्या 40 करोड़ को पार कर चुकी है। होटल और धर्मशालाएं लगातार भरे हैं और स्थानीय आर्थिकी में रोजगार तथा व्यापार के नए अवसर तीव्र गति से बढ़े हैं। अयोध्या आज आस्था और अर्थव्यवस्था दोनों में समदर्शी भाव से दुनिया को आकर्षित कर रही है। जो लोग केवल तीर्थ आते थे, आज वे संस्कृति, स्थापत्य, अध्यात्म, पर्यटन और विरासत के विशाल संसार को देखने आ रहे हैं। प्रधानमंत्री जी ने अयोध्याधाम को त्रेतायुगीन वैभव के अनुरूप भव्य बनाने की परिकल्पना की। उनके मार्गदर्शन में इस अवधि में अयोध्या दिव्य भी बनी है, भव्य भी और नव्य भी। सड़कें, घाट, पाथवे, सुरक्षा तंत्र और सार्वजनिक सुविधाएं विकसित हुई हैं। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, रामपथ, धर्मपथ, भक्ति पथ, जन्मभूमि पथ और सरयू तट का पुनरुद्धार इस परिवर्तन की आधार-धुरी बन चुके हैं। लगभग 50 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाएं अयोध्या को नया स्वरूप दे रही हैं। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण परियोजना ने भी इतिहास रचा है। यह विश्व की पहली धार्मिक परियोजना है, जिसने ब्रिटिश सेफ्टी काउंसिल का स्वार्ड आफ आनर तथा भारत की नेशनल सेफ्टी काउंसिल का सर्वोच्च सुरक्षा पुरस्कार प्राप्त किया है। यह दर्शाता है कि निर्माण न केवल आस्था से, बल्कि वैश्विक इंजीनियरिंग और सुरक्षा मानकों के अनुरूप भी किया गया है। समूचा परिसर 2.7 एकड़ क्षेत्र में विकसित है, जिसमें लगभग 57,400 वर्गफुट का भव्य निर्मित क्षेत्र है। 360 फुट लंबे, 235 फीट चौड़े और 161 फुट ऊंचे इस त्रि-तल मंदिर में 20 फुट ऊंचे प्रत्येक तल, कुल 366 स्तंभ, 5 मंडप, 12 भव्य द्वार और सूक्ष्म शिल्प वाली विशिष्ट नागर शैली की वास्तुकला इसकी अद्वितीय भव्यता का प्रमाण हैं। भूतल पर बालकराम के दर्शन हो रहे हैं और प्रथम तल पर भव्य-दिव्य श्रीरामदरबार दर्शन की आकांक्षा पूरी हो रही है। परकोटा अंतर्गत शेषावतार मंदिर, संत तुलसीदास मंदिर, जटायु और गिलहरी की प्रतिमा तथा सप्त मंडप में महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि वाल्मीकि, अगस्त्य मुनि, निषादराज, माता शबरी और माता अहिल्या की प्रतिमा स्थापित है। जब दिव्य शिखर पर भगवा ध्वज लहराएगा, तब वह किसी विजय का संकेत नहीं होगा। वह तो त्याग, तप, संघर्ष, धैर्य, करुणा और सत्य की उस अखंड साधना का प्रतीक होगा, जिसे करोड़ों लोगों ने पीढ़ियों तक जिया और सुरक्षित रखा।

## सम्पादकीय

### जो बच्चे छोटी उम्र में ही फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट और व्हाट्सएप जैसे एप्स से जुड़ जाते हैं, वे वास्तविक दुनिया से कटते जा रहे हैं



डॉ. विजय गर्ग

आज के डिजिटल युग में, यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि सोशल मीडिया हमारी ज़िंदगी का एक हिस्सा बन गया है। हालाँकि इन उपकरणों का इस्तेमाल सूचना, मनोरंजन और शिक्षा के लिए किया जा सकता है, लेकिन ये बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक बड़ा ख़तरा भी बन गए हैं। आजकल, छोटी उम्र में ही फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट और व्हाट्सएप जैसे ऐप्स से जुड़े बच्चे अपनी ज़िंदगी से ज़्यादा दूसरों की ज़िंदगी से प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। आजकल बच्चों में एक नई मानसिकता विकसित हो रही है और वह है तुलना की होड़। जिस भी बच्चे को सोशल मीडिया पर ज़्यादा फ़ॉलोअर्स या लाइक्स मिलते हैं, उसे सफल माना जाता है। जो बच्चा सोशल मीडिया से दूर रहता है, उसे लूज़र कहा जाता है। यह सोच न सिर्फ़ कुंठा पैदा करती है, बल्कि अहंकार और अवसाद जैसी नकारात्मक भावनाओं को भी जन्म देती है। सोशल मीडिया के ज़रिए बच्चे अपनी वास्तविकता से दूर होते जा रहे हैं। वे अपनी असली खुशियों की बजाय कैमरे के सामने दिखावा करने में ज़्यादा विश्वास करने लगे हैं। दिखावे की यह मानसिकता उनकी मानसिक शक्ति को कमज़ोर कर रही है। यह समय अभिभावकों के लिए एक बड़ी चुनौती लेकर आया है। बच्चों को मोबाइल फ़ोन देकर, उन्हें अनजाने में ही खतरनाक कंटेंट की दुनिया में धकेला जा रहा है। हर अभिभावक को अपने बच्चों के फ़ोन में ज़रूरी कंटेंट सेफ्टी सेटिंग्स ज़रूर सेट करनी चाहिए। साथ ही, उन्हें अपने बच्चों से खुलकर बात करनी चाहिए कि सोशल मीडिया पर दिखाई जाने वाली ज़िंदगी हमेशा असली नहीं होती। बच्चों को यह सिखाने की ज़रूरत है कि असल में प्रगति नहीं, बल्कि तुलना महत्वपूर्ण है। बच्चों को उनके आत्म-विकास और खुशी की ओर मोड़ना ही मानसिक स्वास्थ्य की सबसे बड़ी दवा है। आज के स्कूलों में शैक्षणिक शिक्षा तो दी जा रही है, लेकिन मानसिक शिक्षा का अभाव है। नैतिक विज्ञान जैसे विषय केवल पाठ्यपुस्तकों के स्तर तक ही सीमित रह गए हैं। बच्चों को मानसिक रूप से मज़बूत कैसे बनें, ईर्ष्या, क्रोध और तनाव आदि से कैसे निपटें, यह नहीं सिखाया जा रहा है। स्कूलों में एक नया विषय अनिवार्य किया जाना चाहिए और वह विषय है मानसिक शक्ति और सकारात्मक सोच की शिक्षा, जिसके माध्यम से बच्चों को धैर्य, आत्मविश्वास, आपसी सहयोग और आत्म-संयम की शिक्षा दी जानी चाहिए। यह विषय उन्हें जीवन की चुनौतियों से लड़ने की शक्ति और क्षमता प्रदान करेगा। न केवल अभिभावकों और शिक्षकों को, बल्कि पूरे समाज को इस मुद्दे पर ज़िम्मेदारी से सोचना चाहिए। सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म को भी अपनी भूमिका निभानी चाहिए और बच्चों के लिए उपयुक्त सामग्री और समय-सीमा निर्धारित करने की आवश्यकता है। इसी प्रकार, सामाजिक स्तर पर परामर्श शिविर, कार्यशालाएँ और डिजिटल डिटॉक्स कार्यक्रम आदि आयोजित किए जाने चाहिए ताकि बच्चे अपने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समझ सकें। हमें यह समझना होगा कि सोशल मीडिया के युग को रोका तो नहीं जा सकता, लेकिन इसका समझदारी से इस्तेमाल ज़रूर सिखाया जा सकता है। बच्चों को यह समझाना ज़रूरी है कि असली खुशी लाइक्स या फॉलोअर्स में नहीं, बल्कि खुद से संतुष्ट होने में है। अगर हम आज बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रखेंगे, तो कल का समाज असंतुलित और असुरक्षित होगा। इसलिए, माता-पिता, शिक्षकों और स्कूल प्रशासकों को मिलकर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हर बच्चा न केवल समझदार हो, बल्कि मानसिक रूप से भी मज़बूत हो।

# क्रिप्टो करेंसी का चलन, वर्तमान मुद्राओं के चलन को भविष्य में खतरा



संजीव ठाकुर, लेखक, चिंतक, स्तंभकार, वरिष्ठ पत्रकार, रायपुर छत्तीसगढ़

क्रिप्टोकरेंसी, यानी आभासी मुद्रा, आज विश्वव्यापी आर्थिक परिदृश्य में एक अभूतपूर्व नवाचार के रूप में उभरी है, और इसके भौतिक अस्तित्व पर सवाल उठाना एक स्वाभाविक प्रतिक्रिया है।वर्तमान युग तकनीकी और नवाचार का युग है, और डिजिटलाइजेशन की इस लहर में क्रिप्टोकरेंसी ने आर्थिक क्षेत्र में अपनी एक नई पहचान बनाई है, जहाँ यह मुद्रा न तो हाथों में महसूस की जा सकती है और न ही जेब-पर्स में रखी जा सकती है क्योंकि इसका कोई मुद्रित या हार्ड-कॉपी रूप नहीं है, यह पूरी तरह डिजिटल है। यह विकेंद्रीकृत मुद्रा है, जिसे किसी एक संस्था या सरकार द्वारा नियंत्रित नहीं किया जा सकता और इसका संचालन कंप्यूटर एल्गोरिदम पर आधारित है; केवल कंप्यूटर या डिजिटल नेटवर्क में गिना, ट्रांसफर या भुगतान किया जा सकता है, और यह पारंपरिक बैंकिंग प्रणाली के बजाय पियर-टू-पियर इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम में काम करती है। क्रिप्टोकरेंसी की लोकप्रियता इसलिए बढ़ रही है क्योंकि यह गोपनीयता को बेहतर बनाती है । लेन-देन छद्म नामों और पहचान के साथ हो सकते हैं, जिससे निजता सुनिश्चित होती है, जो कुछ संवेदनशील व्यक्तियों को बहुत उपयुक्त लगती है। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लेन-देनों में थर्ड-पार्टी सर्टिफाइयर्स की ज़रूरत होती नहीं, इसलिए समय और धन की बड़ी बचत होती है, और बैंकिंग दस्तावेज़ों की गुंजाइशदारी भी नहीं होती। पारंपरिक बैंकिंग पर सरकार का नियंत्रण अधिक होता है, लेकिन क्रिप्टोकरेंसी उस नियंत्रण के दायरे के बाहर होती है, जिससे यह भरोसेमंद और सुरक्षित विकल्प बन जाती है; सरकार बैंक खाते को जप्त कर सकती है, लेकिन क्रिप्टो को उसी तरह नहीं, और यह नीतिगत संकट जैसे नोटबंदी या मुद्रा अवमूल्यन का प्रत्यक्ष शिकार नहीं होती। निवेश के दृष्टिकोण से, क्रिप्टोकरेंसी में पैसा लगाने वालों के लिए यह आकर्षक है, क्योंकि इसकी कीमतों में तीव्र उतार-चढ़ाव हो सकते हैं, जिससे जोखिम भले हो, लेकिन संभावित लाभ अधिक है। वहीं, सीमाओं से परे त्वरित और सस्ती ट्रांसफर क्षमताओं के कारण यह एक वैश्विक आर्थिक पुल का काम करती है। इतिहास देखें तो सबसे पहली क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन 2009 में सतोषी नाकामोतो के नाम से जानी जाने वाली इकाई ने बनाई थी, और आज 1500 से अधिक क्रिप्टोकरेंसियाँ बाजार में उपलब्ध हैं। हालाँकि, बिटकॉइन अबितियों में सबसे प्रतिष्ठित है; आपको बताया गया कि 'हर बिटकॉइन का मूल्य ?500 है' भले ही यह आकड़ा कालांतर में बदल सकता हो, लेकिन यह दिखाता है कि डिजिटल मुद्रा वास्तविक और उच्च मूल्यवान संपत्ति बन चुकी है, और कुछ लोग इसे 'डिजिटल गोल्ड' भी कहने लगे हैं। वैश्विक स्तर पर, क्रिप्टोकरेंसी ने अपनी पैठ बना ली है। Chainalysis की 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत, पाकिस्तान और वियतनाम जैसी एशियाई देश पूरी तरह से रिटेल क्रिप्टो उपयोग के हब बन चुके हैं। कई देशों में कानूनी रूप से क्रिप्टो की स्वीकृति है, लेकिन बहुत विविधता भी है, अटलांटिक काउंसिल के ट्रैकर के मुताबिक, 75 देशों में से लगभग 45 देशों में क्रिप्टो को पूरी तरह कानूनी माना गया है, 20 में आंशिक प्रतिबंध है, और 10 में व्यापक प्रतिबंध। कुछ राष्ट्र जैसे यूएई, स्विट्ज़रलैंड और सिंगापुर अपने स्पष्ट लाइसेंसिंग ढांचों और नियामक अनुकूलता के कारण 'क्रिप्टो-फ्रेंडली' बन गए हैं। वहीं, केवल कुछ ही देश ऐसे हैं जहां क्रिप्टोकरेंसी को कानूनी मुद्रा के रूप में स्वीकार किया गया है और उस सूची में लंबे समय तक एल साल्वाडोर अग्रणी रहा है पर यह सफलता हमेशा सहज नहीं रही है। क्रिप्टोकरेंसी के कानूनी, वित्तीय और सुरक्षा संदर्भ में गहरी चुनौतियाँ हैं। सबसे पहले, मर्यादा और नियंत्रण का प्रश्न है: कुछ देश पूरी तरह प्रतिबंध लगा चुके हैं उदाहरण के लिए चीन ने क्रिप्टो लेन-देनों को अवैध घोषित कर दिया है। दूसरी ओर, ऐसे देश हैं जो प्रयोगात्मक या सैंडबॉक्स अनुक्रमण बना रहे हैं ताकि नवाचार और सुरक्षा संतुलन बन सके। भारतीय संदर्भ में, आपकी चिंता बिल्कुल यथार्थ है: भारत में क्रिप्टोकरेंसी की विधि-सम्मत स्वीकार्यता अभी स्पष्ट रूप से स्थापित नहीं है। हालाँकि 'पूर्ण प्रतिबंध' के पुराने दावों के बजाय वर्तमान में एक नियंत्रित दृष्टिकोण अपनाने की कोशिश है। हाल के सरकारी दस्तावेज़ों के अनुसार, सरकार क्रिप्टो को पूरी तरह बंद करने की बजाय सीमित निगरानी और पंजीकरण की राह चुन रही है, क्योंकि यदि इसे वित्तीय प्रणाली में शामिल कर लिया जाए तो संभावित प्रणालीगत जोखिम बढ़ सकते हैं। भारत में टैक्स नियम भी पहले ही लागू किए जा चुके हैं, और क्रिप्टो लेन-देन में (धन शोधन विरोधी) और पता सत्यापन जैसे उपायों पर जोर दिया गया है। इसी बीच, हालाँकि कुछ पुराने बिल जैसे 'ऑफिशियल डिजिटल मुद्रा विधेयक' की चर्चा हुई थी, लेकिन वर्तमान में भारत की मुद्रा प्राधिकरण, यानी आरबीआई, एक निष्क्रिय लेकिन सावधान दृष्टिकोण रखती है। हाल में आरबीआई गवर्नर ने यह दोहराया है कि डिजिटल मुद्रा के तर्कों के बावजूद, क्रिप्टो को वित्तीय स्थिरता और मौद्रिक नीति के लिए बड़ा खतरा माना जाता है। इसके अलावा, हाल ही में मद्रास हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण निर्णय दिया है उसने क्रिप्टोकरेंसी को 'अचल संपत्ति ' के रूप में मान्यता दी, जिससे कानूनी स्थिति में कुछ स्पष्टता आई है कि इसे 'मालिकाना' अधिकार के दायरे में देखा जा सकता है। लेकिन चुनौतियाँ खत्म नहीं होतीं क्रिप्टोकरेंसी का गुमनामी पक्ष आपराधिक गतिविधियों के लिए खतरा बना हुआ है। यह मनी-लांड्रिंग, आतंकवादी फंडिंग, पोंजी स्कीम और अवैध व्यापार के लिए एक आसान माध्यम बन सकती है, इसलिए सरकारों को कड़े नियम और निगरानी तंत्र बनाना होगा। इसके अलावा, क्रिप्टोकरेंसी की अस्थिरता और तीव्र उतार-चढ़ाव निवेशकों के लिए जोखिम भरा हो सकती है। इसलिए, इस युग में जब क्रिप्टोकरेंसी का विस्तार हो रहा है, हमें इसके सकारात्मक और नकारात्मक दोनों पक्षों को संतुलित रूप से देखना चाहिए। इसे अपनाने से पहले देशों को कानूनी फ्रेमवर्क तैयार करना चाहिए – टैक्स, नियम, उपभोक्ता संरक्षण, और पंजीकरण व्यवस्थाओं के साथ ताकि नवाचार और वित्तीय सुरक्षा के बीच संतुलन बना रहे। भारत के संदर्भ में, प्रतिबंधात्मक नीति के बजाय एक नियंत्रित, पारदर्शी दृष्टिकोण अधिक उपयुक्त लगता है, जिससे क्रिप्टोकरण की संभावनाओं का लाभ उठाया जा सके, बशर्ते कि इसके जोखिमों को विधि सम्मत तरीके से प्रबंधित किया जाए।

# एसआईआर विरोधी स्वर

**यह ठीक नहीं कि विपक्षी दल मतदाता सूचियों में गड़बड़ी का भी उल्लेख करें और एसआइआर के खिलाफ भी खड़े होना पसंद करें। यह सही है कि एसआइआर अपेक्षाकृत एक श्रमसाध्य प्रक्रिया है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि उसे कराया ही न जाए। इस प्रक्रिया में सबसे महती भूमिका बीएलओ की होती है। उन्हें घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करना होता है। यह देखने में आया है कि बीएलओ बनने वाले कई कर्मचारी इस काम को एक बोझ की तरह लेते हैं।**




यह अच्छा हुआ कि चुनाव आयोग ने 12 राज्यों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) की प्रक्रिया में शामिल बूथ स्तर के अधिकारियों अर्थात बीएलओ की आत्महत्याओं की खबरों का संज्ञान लिया और संबंधित राज्यों से रिपोर्ट मांगी। राज्य निर्वाचन अधिकारियों को सबसे पहले तो इन खबरों की तह तक जाना होगा, ताकि पता लग सके कि उन्होंने काम के दबाव में आकर अपनी जान दी या फिर वे स्वाभाविक मृत्यु का शिकार बने। यह स्पष्टता हासिल करना इसलिए भी आवश्यक है, क्योंकि कई विपक्षी नेता और विशेष रूप से बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी यह माहौल बना रही हैं कि एसआइआर के चलते बड़ी संख्या में बीएलओ आत्महत्या कर रहे हैं। कुछ विपक्षी नेता इसी बहाने एसआइआर को अनावश्यक बताते हुए उसे वोट चोरी की संज्ञा दे रहे हैं। चुनाव आयोग को एसआइआर को लेकर बनाए जा रहे इस नकारात्मक अभियान से सतर्क रहना होगा। यह ठीक नहीं कि विपक्षी दल मतदाता सूचियों में गड़बड़ी का भी उल्लेख करें और एसआइआर के खिलाफ भी खड़े होना पसंद करें। यह सही है कि एसआइआर अपेक्षाकृत एक श्रमसाध्य प्रक्रिया है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि उसे कराया ही न जाए। इस प्रक्रिया में सबसे महती भूमिका बीएलओ की होती है। उन्हें घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करना होता है। यह देखने में आया है कि बीएलओ बनने वाले कई कर्मचारी इस काम को एक बोझ की तरह लेते हैं। उनकी पहली कोशिश बीएलओ बनने से बचने की होती है। यह ठीक नहीं। यह तो कुछ वैसे ही है, जैसे सैनिक मोर्चे पर जाने से मना करें। यदि हर कोई एसआइआर करने से बचना चाहेगा तो फिर एक जरूरी काम होगा कैसे? सही ढंग से चुनाव तभी हो सकते हैं, जब मतदाता सूचियां दुरुस्त हों और इसके लिए एसआइआर किया जाना आवश्यक है। अब जब चुनाव आयोग बीएलओ की समस्याओं से परिचित होने के लिए आगे आया है, तब फिर उसे यह खास तौर से देखना होगा कि उनकी परेशानी का कारण प्रशिक्षण का अभाव या फिर किसी तरह की तकनीकी समस्या आड़े आना तो नहीं? बंगाल में एक बीएलओ की आत्महत्या के मामले में यह सामने आया कि उसने आवश्यक जानकारी तो जुटा ली थी, लेकिन स्पष्ट निर्देशों के अभाव में उसे अपलोड नहीं किया था। चुनाव आयोग को यह देखना होगा कि बीएलओ की छोटी-बड़ी सभी समस्याओं का समाधान हो और वे सही निर्देशों के अभाव या तकनीकी बाधा के चलते तनाव का शिकार न होने पाएं। हालांकि, चुनाव आयोग ने बीएलओ और अन्य अधिकारियों का मानदेय बढ़ाया है,

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
26 नवम्बर, 2025

## रावताराम आर्य की पुण्यतिथि मनाई



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निसं.)** तारानगर के अम्बेडकर समाज सेवा समिति के अध्यक्ष जुगलाल बरवड़ की अध्यक्षता में मंगलवार को कस्बे के अम्बेडकर सामुदायिक भवन में पांच बार विधायक रहे एवं चूरू जिले के प्रथम जिला प्रमुख स्व. रावताराम आर्य की पाँचवी पुण्यतिथि मनाई गयी। उपस्थित लोगों ने आर्य की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रंद्धाजलि दी। प्रधान संजय कस्वां ने आर्य की जीवनी पर प्रकाश ड़ालते हुए कहा आर्य का अच्छे लोगों में गिने जाते है। प्रकाश मेघवाल ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मोके पर झींडूराम दायमा,भामाशाह मास्टर प्रताप मेघवाल, पूर्व सरपंच, भानीराम बरोड़, जेठाराम पटीर, भंवरलाल, भगवानाराम पटीर, ओमप्रकाश कलिया, आशाराम, चंद्राराम, तारुराम सहित समाज के काफी लोग मौजूद रहे।

## कलश यात्रा के साथ शुरू होगी श्रीमद्भागवत्कथा

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** गनोड़ा रोड़ की सिंघी प्याउ के पास स्थित किस्तूरनाथजी की बगीची में कुल 27 नवम्बर से श्रीमद्भागवत्कथा का आयोजन किया जायेगा। व्यवस्थापक राजकुमार प्रजापत ने बताया कि गुरूवार को आकेश्वर महादेर मंदिर से लेकर कथा स्थल तक कलश यात्रा निकाली जाएगी। उसके बाद रोज दोपहर में सवा बारह बजे से सवार चार बजे तक कथा में प्रवचन होंगे। बाल व्यास मोहित राज शास्त्री द्वारा कथा का वाचन किया जायेगा। कथा के दौरान संतों का भी सानिध्य प्राप्त होगा। इसी प्रकार 3 दिसम्बर को रात्रि में जागरण व अग्नि नृत्य का कार्यक्रम होगा। वहीं 4 दिसम्बर को सुबह हवन पूजन का कार्यक्रम रहेगा।

# जिलास्तरीय एकता पदयात्रा लक्ष्मणगढ़ में हुई आयोजित

### यूडीएच मंत्री झाबर सिंह स्वदेशी अपनाने की दिलवाई शपथ

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ(निसं.)।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में केंद्रीय श्रम,रोजगार, युवा व खेल मंत्रालय की ओर से लक्ष्मणगढ़ की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान ऋषिकुल विद्यापीठ के खेल मैदान से मंगलवार को जिला स्तरीय भव्य एकता पदयात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ राजस्थान के नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने हरी झंडी दिखाकर किया। पदयात्रा ऋषिकुल खेल मैदान से प्रारंभ हुई जो शहर के कबूतरिया कुआ,पक्की प्याऊ,मुरली मनोहर मंदिर,चौपड़ बाजार,गणेश मंदिर,लाल कुआ व पुराना बस स्टैंड से होती हुई श्री भगवानदास तोदी महाविद्यालय, पहुंची। यात्रा के दौरान श्री ऋषिकुल विद्यापीठ, श्री भगवानदास तोदी महाविद्यालय, भारतीय शिक्षण संस्थान, एनसीसी, एनएसएस इकाई सहित अनेक शिक्षण संस्थानों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे मार्ग में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' और सरदार पटेल अमर रहें के नारों से वातावरण गुंजायमान रहा।पूर्व सांसद सीकर स्वामी सुमेधानंद सरस्वती की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने स्वतंत्रता के बाद देश की 562 रियासतों को एकसूत्र में पिरोकर जिस अखंड भारत का निर्माण किया वह इतिहास का सबसे अद्भुत कार्य है। उन्होंने कहा कि देश की एकता, अखंडता और प्रशासनिक दक्षता के जिस स्वरूप की नींव सरदार पटेल ने रखी, उसी के कारण आज भारत एक सशक्त राष्ट्र के रूप में खड़ा है।यूडीएच मंत्री खर्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरदार पटेल की 150 वीं जयंती वर्ष को समर्पित करते हुए देशभर में एकता यात्राओं का आयोजन सुनिश्चित किया है, ताकि उनके योगदान और प्रेरक जीवन गाथा को देश की युवा पीढ़ी तक पहुंचाया जा सके। राज्य मंत्री खर्रा ने कहा कि आज का युवा यदि सरदार पटेल के कृतित्व और व्यक्तित्व को समझ लें तो राष्ट्र निर्माण का मार्ग और अधिक सशक्त हो जाएगा।यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने आह्वान किया कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने कहा कि 'एकता ही राष्ट्र की शक्ति है, और जिस राष्ट्र की एकता मजबूत होती है, उसका विकास अवरुद्ध नहीं किया जा सकता।' उन्होंने सभी से भारत की एकता, अखंडता, सामाजिक सौहार्द और विकास यात्रा में सक्रिय सहयोग का आग्रह किया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित जनों को स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलवाई।इस मौके पर भाजपा नेता दिनेश जोशी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदुस्तान ने धारा 370 की लड़ाई 70 से 75 साल तक लड़ी अगर सरदार वल्लभ भाई पटेल के पास पॉवर होते तो वो लड़ाई नही लड़नी पड़ती और ना ही पाक अधिकृत कश्मीर होता।जोशी ने कहा कि युवाओं की वजह से हमारा देश प्रगति की और अग्रसर है।जोशी ने मंत्री झाबर सिंह खर्रा से नगरपालिका भवन बनवाने का निवेदन किया उन्होंने कहा कि नगरपालिका शहर के बीच में होनी चाहिए।इस मौके पर समारोह के दौरान वक्ताओं ने सरदार पटेल के जीवन, कार्य एवं राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण को याद करते हुए युवा पीढ़ी को प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम में मोहनी देवी गोयनका महाविद्यालय, पीएम श्री बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, भारतीय स्कूल, भगवान दास तोदी महाविद्यालय की छात्र–छात्राओं ने देश भक्ति से ओत–प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। एस आई आर पर पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि यह आवश्यक है कि देश के नागरिक ही अपने भविष्य का निर्णय करने के लिए अधिकृत हो, ऐसे लोग जो अनाधिकृत रूप से भारत में प्रवेश कर गए और मतदाता सूची में नाम जुडा लिया उनका कोई अधिकार नहीं बनता कि वे इस राष्ट्र भविष्य का निर्णय करे। उन्होंने कहा कि फिर अभियान का मुख्य मकसद यही है कि भारत के मूल नागरिकों के नाम ही मतदाता सूची में हो।कार्यक्रम में सीकर के पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़, भाजपा नेता दिनेश जोशी, उपाध्यक्ष नेमीचंद कुमावत, नेछवा उपखंड अधिकारी भावेश धनवंत, लक्ष्मणगढ़ तहसीलदार फारूक अली, ईओ नवनीत कुमार, पुलिस उपाधीक्षक दिलीप कुमार मीणा, थानाधिकारी राजाराम, प्राचार्य डॉ.नगेन्द्र सिंह नाथावत, संयोजक अमित शर्मा, ललीत पंवार, ललीत पुरोहित, मनोज शर्मा, जिला युवा अधिकारी मोहित चौधरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं नागरिक मौजूद रहे।

## डॉ प्रिया शेखावत ने समय रहते ऑपरेशन कर बचाई महिला की जान, जिला अस्पताल में हो रहे हैं बड़े-बड़े ऑपरेशन

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के राजकीय उप जिला अस्पताल में एक गंभीर चिकित्सीय परिस्थिति में डॉक्टरों की टीम ने मिसाल पेश करते हुए 31 वर्षीय महिला की जान बचाई है। महिला एक्टोपिक प्रेगनेंसी से जूझ रही थी जो कि जीवन के लिए अत्यंत खतरनाक स्थिति होती है। इसमें गर्भाशय के बाहर भ्रूण विकसित हो जाता है और समय पर उपचार न मिलने पर अत्यधिक रक्तस्राव से जान का खतरा बन जाता है। महिला को अस्पताल लाए जाने पर तेज़ पेट दर्द, अत्यधिक रक्तस्राव और मरीज की धड़कन का बढ़ना जैसे चिन्ह दिखाई दे रहे थे। स्थिति को गंभीर देखते हुए गायनाकोलॉजिस्ट डॉ प्रिया शेखावत ने तुरंत इमरजेंसी ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। समय पर किए गए ऑपरेशन के चलते महिला की जान सुरक्षित बचाई जा सकी। इस जटिल ऑपरेशन में प्रभारी डॉ चंद्रभान जाधिड़, डॉ निर्मल पारीक, डॉ कलमेश भारतीय, नर्सिंग ऑफिसर ओमप्रकाश वर्मा, नर्सिंग स्टॉफ पंकज सोनी, पंकज रोहिल, सरोज और वार्ड बॉय नदीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अस्पताल प्रबंधन ने टीम के इस उत्कृष्ट प्रयास की सराहना की और बताया कि ऐसे मामलों में समय पर निर्णय और सामूहिक प्रयास ही मरीज के जीवन को सुरक्षित बचा सकते हैं। गायनाकोलॉजिस्ट डॉ प्रिया शेखावत ने महिलाओं से अपील की है कि गर्भावस्था के शुरुआती चरण में ही समय पर जांच करवाना अत्यंत जरूरी होता है। जिससे जटिलताओं से बचा जा सकता हैं।

**कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**
E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419
क्रमांक :–न.प.सु/विकास शाखा/2025/8312 दिनांक :– 20.11.2025
:–ई–निविदा सूचना–2025–26:–
नगर परिशद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से निविदा दिनांक 28.11.2025 तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रों को वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कि जा सकता है एवं निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड कमांक (DLB2526WSOB24765) है। कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिशद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।
आयुक्त
नगर परिषद सुजानगढ
राज.संवाद/सी/25/14597

## टानिया चौधरी की पांचवीं पुण्यतिथि पर लगेगा विशाल रक्तदान शिविर

जयपुर टाइम्स

**पाटन** टानिया चौधरी ह्यूमन हेल्थ एंड एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में स्व. टानिया चौधरी पुत्री अजीत चौधरी की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर आगामी 27 नवंबर को सीनियर हायर सेकेंडरी स्कूल डाबला के खेल मैदान में स्वैच्छिक विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा।इस शिविर में रक्त संग्रहण का कार्य जनहित ब्लड सेंटर, अजमेर रोड जयपुर द्वारा किया जाएगा।टानिया के पिता अजीत चौधरी ने बताया कि बेटी की पुण्यतिथि पर प्रतिवर्ष रक्तदान शिविर आयोजित किया जाता है,ताकि ज़रूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके और किसी की जान बचाई जा सके।शिविर में अधिक से अधिक युवाओं व सामाजिक कार्यकर्ताओं से रक्तदान कर मानव सेवा में सहभागिता निभाने की अपील की गई है।

## सूने मकान से लाखों के जेवर और नकदी चोरी



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** खीचड़ कोलोनी स्थित वार्ड न. 4 में लाखों के जेवरात व नगदी चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। कोतवाली पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में महावीर प्रसाद देवतवाल ने बताया है कि मेरे मकान पर हम लोग रहते हैं और 24 नवम्बर को सुबह करीब 10 बजे मेरे रिश्तेदारों के यहां विवाह समारोह में शामिल होने के लिए घर पर ताला लगाकर अपने परिवार सहित तारानगर गया हुआ था। शाम को करीब सात बजे मेरे भाई के पुत्र ललित व सुमेर दीया बती करके गए थे। महावीर प्रसाद ने पुलिस को बताया है कि इसके रात साढ़े 10 बजे तारानगर से हम लोग वापस आए तो देखा कि मकान के ताले टूटे पड़े थे और कपड़े लते बिखरे पड़े थे। चोरी की घटना में चोर 10 तोला सोने के गहने, 80 भरी चांदी के गहने और करीब 4 लाख रूपए नकद चोरी करके ले गए। वहीं कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मौका मुआयना भी किया। महावीर प्रसाद ने बताया कि रिश्तेदारी में बारात भी आज ही आ रही है और इसी से पहले दिन चोरी हो गई।

# कार्यालय नगरपालिका मण्डल तारानगर (चूरू) राज.

**Office Telephone No. 01561-240245. E-mail-eotrn2009@gmail.com**

क्रमांक / न.पा.ता. / 2025-26 / दिनांक :-

### माननीय राजस्थान उच्च न्यायालयों में दायर एसबी सिविल रिट याचिकाओं की सूची ।

| S No | Abb/ Case No/Year | Court Name & Place | Petitioner/ Appellant & Desg | Non-Petitioner/Respondent & Desg | Lawyer Name | OIC Name | Next Hearing Date/Decision Date | Reply Filed (Yes/No/NA) | Priority | Status |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | CWP/13861/2024 | RAJASTHAN HIGH COURT JODHPUR | CHANDRAKALA | STATE OF RAJASTHA N & ORS. | RAJESH PANWAR | EO TARAN AGAR | 09-03-2026 | N/A | Green | Pending |
| 2 | CWP/745/2020 | RAJASTHAN HIGH COURT JODHPUR | Greencity Surveyors Pvt. Ltd. | The State of Rajasthan through the P.S., LSG Deptt. & Ors. | SUNIL BENIWAL RHCJDR (8) | EO TARAN AGAR | 09-04-2026 | Yes | Green | Pending |
| 3 | CWP/9408/2019 | RAJASTHAN HIGH COURT JODHPUR | Anant Kumar | The State of Rajasthan through Secy.LSG Deptt. | SUNIL BENIWAL RHCJDR (8) | EO TARAN AGAR | 17-04-2026 | Yes | Green | Pending |
| 4 | CCP/2/2022 | RCSAT, CIRCUIT BENCH JODHPUR, JODHPUR | MAHESH CHANDMAHA WAR | State of Rajasthan & Ors. | SHAILEN-DRA RATHOR | EO TARAN AGAR | | Yes | Green | Pending |
| 5 | 2770/2024 | RAJASTHAN HIGH COURT JODHPUR | Mandir Narsingh Bhagwan | Nagarpalika | | EO TARAN AGAR | 27-03-2026 | Yes | Green | Pending |
| 6 | 19768/2024 | RAJASTHAN HIGH COURT JODHPUR | Mo Iliyas | Moharsingh Bhati and NP | | EO TARAN AGAR | 4-02-2026 | Yes | Green | Pending |
| 7 | 15252/2024 | RAJASTHAN HIGH COURT JODHPUR | Ramesh Kumar | DM Churu | | EO TARAN AGAR | 2-04-2026 | Yes | Green | Pending |
| 8 | 16521/2025 | RAJASTHAN HIGH COURT JODHPUR | Trilok chand Regar | State | | EO TARAN AGAR | 26-11-2025 | Yes | Green | Pending |
| 9 | 1047/2025 | RAJASTHAN HIGH COURT JODHPUR | Trilok chand | State | | EO TARAN AGAR | 26-11-2025 | Yes | Green | Pending |

(अजय प्रताप सिंह)
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका तारानगर

जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
26 नवम्बर, 2025

# केंद्रीय मंत्री ने सेना के द्वारा आयोजित अपनी सेना को जानो (KNOW YOUR ARMY) मेले में की शिरकत





## डिफेंस के मामले में भारत बहुत आगे - केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेंद्र यादव एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने इंदिरा गांधी स्टेडियम में भारतीय सेना द्वारा आयोजित दो दिवसीय 'अपनी सेना को जानो' (Know Your Army) मेले का शुभारम्भ फीता काटकर किया। उन्होंने सेना द्वारा लगाई गई हथियारों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। केंद्रीय वन मंत्री ने कहा कि विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए भारत को सशक्त, मजबूत और सुरक्षित बनाने में सेना का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि सेना जैसा पराक्रम अनुशासन और बुद्धिमत्ता के भाव के साथ आता है। उन्होंने कहा कि आने वाला समय टेक्नोलॉजी का समय है। भारतीय सेना की नई तकनीक से देश का सुरक्षा तंत्र मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा स्वदेशी अपनाओ अभियान शुरू किया गया है। स्वदेशी के बल पर हम देश को विकसित राष्ट्र बनाने की ओर अग्रसर कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से बॉर्डर से 100 किलोमीटर अंदर देश के दुश्मन पर सटीक निशाना लगाकर अपने पराक्रम का परिचय दुनिया को दिया। उन्होंने कहा कि आज का दिन विशेष है क्योंकि इस दिन गुरू तेगबहादुर ने मानवता के कल्याण, लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया था। हमें गुरू तेगबहादुर के सिद्धांतों व उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर मानवता के कल्याण की भावना से काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सेना के जवानों द्वारा हथियारों के प्रदर्शन करने पर सराहना कर युवाओं से सेना को जानने व सेना के समर्पण भाव को अपनाकर देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी महती भूमिका निभाने की अपील की।

### आधुनिक हथियारों की प्रदर्शनी का किया अवलोकन

पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेंद्र यादव और पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा द्वारा मेले में सेना के द्वारा स्पाइनर, एंटी टैंक गाइडेड मिसाइलें, लाइट मशीन गन, मध्यम मशीनगनें, रॉकेट लांचर, पिनाक डिकॉय, टाट्रा वाहन, अकीरा, भारी वाहन, स्कैनिया वाहन, बोफोर्स गन, फील्ड गन, स्कैनिया पिस्टल, मशीन गन, सर्विलांस डिवाइसेज, कम्युनिकेशन इक्विपमेंट, लाइट रिकवरी व्हीकल, क्रेज वाहन आदि आधुनिक हथियारों की लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया गया। इस दौरान वहां उपस्थित आमजन एवं बच्चों ने भी सेना के हथियारों की जानकारी प्राप्त कर उन्हें खूब सराहा। वहीं सेना के जवानों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया, जिसमें निहत्थे युद्ध कौशल, मोटर साइकिल से हैरतअंगेज प्रदर्शन आदि शामिल थे।

### डॉग्स ने दिखाए हैरतंगेज करतब

'अपनी सेना को जानो' (Know Your Army) मेले के दौरान सेना के प्रशिक्षित डॉग्स ने एक साथ कई रिंग व हर्डल्स की बाधांओं को जम्प कर पार किया जिसको उपस्थित नागरिकों व बच्चों ने खूब सराहा तथा डॉग्स के द्वारा अपनी सूंघने की शक्ति का प्रदर्शन करते हुए अनेक वस्तुओं में से एक वस्तु में रखी विस्फोटक सामग्री की पहचान की। साथ ही दुश्मन पर हमला कर उसे काबू करने के प्रदर्शन जैसे कई हैरतंगेज कारनामे किए। इस अवसर पर मेजर जनरल धीगेन्द्र प्रताप सिंह, जिला कलक्टर डॉ आर्तिका शुक्ला, ब्रिगेडियर के.आर विद्यासागर, ब्रिगेडियर आदित्य कुमार, जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता व महासिंह चौधरी, बन्नाराम मीणा, घनश्याम गुर्जर सहित प्रबुद्ध व्यक्ति, जनप्रतिनिधिगण, सेना के अधिकारी, जवान, विद्यार्थी एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## आधुनिक तकनीक से लैस होगी राजस्थान पुलिसः अपराधियों की अब कुंडली निकालना होगा आसान

### एनसीआरबी ने दिया समस्त फ़ील्ड यूनिट्स को गहन ऑनलाइन प्रशिक्षण

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास.)** राजस्थान पुलिस अब अपराध और अपराधी ट्रैकिंग में एक महत्वपूर्ण तकनीकी छलांग लगाने की तैयारी में है। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा और अतिरिक्त महानिदेशक अपराध शाखा हवा सिंह घूमरिया के निर्देशन में राज्य की समस्त फील्ड यूनिट्स के लिए एनसीआरबी नई दिल्ली द्वारा एक गहन ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य पुलिस अधिकारियों को नवीनतम तकनीक और कानूनी उपकरणों से लैस करना है ताकि अनुसंधान की गुणवत्ता और गति बढ़ाई जा सके। इस महत्वपूर्ण सत्र का संचालन एनसीआरबी, नई दिल्ली के डिप्टी डायरेक्टर आईजी जनमेजय खंडूरी और उनकी विशेषज्ञ टीम द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में जिला पुलिस अधीक्षक, डीसीपी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, वृत्ताधिकारी, थानाधिकारी, और सीसीटीएनएस ऑपरेटर सहित पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों ने भाग लिया। आईजी खंडूरी ने एनसीआरबी के विभिन्न नए ऐप्स और डैशबोर्ड के उपयोग के बारे में बताया जो पुलिस के दैनिक कार्यों को सरल बनाएंगे। इस आधुनिक प्रशिक्षण से पुलिस को वांछित अपराधियों और महिलाओं के विरुद्ध अपराधों के मामलों की जाँच में सहायता मिलेगी। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि अब पुलिस अधिकारी अपराधियों की पूरी जानकारी को अधिक प्रभावी ढंग से निकाल और उपयोग कर सकेंगे। महानिरीक्षक एससीआरबी अजयपाल लाम्बा ने भी इन नवीन प्रावधानों और आधुनिक तकनीकी ऐप्स के महत्व पर जोर दिया। यह कार्यशाला राजस्थान पुलिस को स्मार्ट पुलिसिंग की ओर ले जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नवीनतम कानूनों और तकनीकी उपकरणों का ज्ञान पुलिस बल को डिजिटल युग की चुनौतियों का सामना करने और आपराधिक न्याय प्रणाली को और अधिक कुशल बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

## आत्मनिर्भर बने छात्राएंः अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस पर आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

### डॉ. बी. लाल इंस्टीट्यूट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी में पुलिस की विशेषज्ञ टीम ने सिखाए व्यावहारिक गुर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास.)** जयपुर स्थित डॉ. बी. लाल इंस्टीट्यूट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी में मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस के अवसर पर छात्राओं के लिए एक विशेष आत्मरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में लगभग 200 छात्राओं और फैकल्टी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसका मुख्य उद्देश्य उन्हें आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास के साथ सुरक्षित रहने के लिए तैयार करना था। पूरे सत्र को छात्राओं के लिए अत्यंत सार्थक और सशक्तिकरण से परिपूर्ण बताया गया। यह महत्वपूर्ण कार्यशाला पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सिविल राइट्स एवं कम्युनिटी पुलिसिंग लता मनोज कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। सत्र का संचालन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कम्युनिटी पुलिसिंग सुनीता मीणा और उनकी प्रशिक्षित टीम ने किया। टीम ने प्रतिभागियों को आत्मरक्षा की सरल, उपयोगी और परिस्थितियों के अनुरूप तकनीकों का गहन अभ्यास कराया, जिससे वे आपातकालीन स्थितियों का सामना करने में सक्षम हो सकें। प्रशिक्षण के साथ-साथ प्रतिभागियों को सुरक्षा से जुड़े कई महत्वपूर्ण ऑनलाइन और हेल्पलाइन संसाधनों की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई। इनमें (खोए/चोरी हुए मोबाइल फोन की रिपोर्टिंग), (नागरिक हितैषी पुलिस सेवाओं तक आसान पहुँच) और राष्ट्रव्यापी महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 शामिल हैं। इन संसाधनों की जानकारी ने छात्राओं को यह एहसास कराया कि उनकी सुरक्षा के लिए पुलिस हमेशा तत्पर है। संस्थान परिवार ने छात्राओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के इस महत्वपूर्ण प्रयास के लिए सुनीता मीणा और उनकी टीम के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। प्रबंधन ने उम्मीद जताई है कि छात्राओं को सतर्क और आत्मविश्वासी बनाने वाले इस तरह के उपयोगी जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम भविष्य में भी नियमित रूप से आयोजित किए जाते रहेंगे।

## पुलिस दूरसंचार भर्तीः लिखित परीक्षा में सफल उम्मीदवारों के लिए बड़ी खबर


### शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए तारीखें जारी, जयपुर में होगा आयोजन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास.)** पुलिस दूरसंचार में कॉन्स्टेबल (सामान्य/चालक) भर्ती के तहत विज्ञापित 1469 पदों के लिए 13 सितम्बर, 2025 को आयोजित लिखित परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है। सभी सफल अभ्यर्थियों का विवरण विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। उप महानिरीक्षक पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड मनोज कुमार ने बताया कि लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण हुए सामान्य और चालक वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए अब अगला चरण शारीरिक दक्षता एवं मानक परीक्षण होगा।यह महत्वपूर्ण चरण 01 दिसम्बर से 07 दिसम्बर 2025 तक आयोजित किया जाएगा। शारीरिक परीक्षण का आयोजन राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर में किया जाएगा। अभ्यर्थियों को अपनी तैयारी अभी से तेज कर देनी चाहिए। यदि किसी अभ्यर्थी को अपना ई-प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में किसी प्रकार की समस्या आ रही है, तो उन्हें घबराने की आवश्यकता नहीं है। ऐसे अभ्यर्थी सहायता के लिए पुलिस मुख्यालय, भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हो सकते हैं। वैकल्पिक रूप से वे दूरभाष नम्बर 0141-2821597 पर संपर्क कर अपनी समस्या का समाधान करवा सकते हैं।

## ट्रक की 6 बैट्रियां, 250 लीटर डीजल व लोडर की चैन चोरी

जयपुर टाईम्स



**बिजौलियां(निस.)।** पार्श्वनाथ चौराहे पर स्थित करण कुमार धाकड़ के बाड़े से अज्ञात चोर ट्रक की 6 बैट्रियां, 250 लीटर डीजल,लोडर की चैन व अन्य औजार चुरा ले गए। करण द्वारा अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में दी गई रिपोर्ट में बताया कि उसका पार्श्वनाथ चौराहे पर बाड़ा है जिस पर पक्की चारदीवारी बनी हुई हैं। उक्त बाड़े में लोडर, ट्रैक्टर व अन्य वाहन खड़े रहते हैं। करीब चार दिन पूर्व करण बाड़े में देखरेख के लिए गया तो सब सही सलामत था। लेकिन सोमवार को करीब 6 बजे वहां गया तो सामान चोरी होना पाया गया तथा बाड़े की पीछे की दीवार की कुछ ईंटें टूटी हुई मिली ।करण ने आसपास के लोगों से भी इस बारे में पूछताछ की लेकिन किसी को कोई जानकारी नहीं मिली।

## उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ डिस्टिंगुइश्ड एलुमनी अवार्ड से सम्मानित

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)।** मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद प्रयागराज द्वारा उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ को लोक प्रशासन और सार्वजनिक क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं असाधारण योगदान देने के लिए डिस्टिंगुइश्ड एलुमनी अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार व्यावसायिक उत्कृष्टता नवाचार और समाज सेवा के उच्च मानकों को प्रोत्साहित करता है। अमिताभ ने मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद, प्रयागराज से सन 1986 में बी.ई. मैकेनिकल इंजीनियरिंग एवं 1988 में एम.ई. प्रोडक्शन की उपाधियां प्राप्त की है। अमिताभ वर्तमान में उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत है एवं भारतीय रेलवे मैकेनिकल इंजीनियरिंग सेवा के 1987 बैच के वरिष्ठ अधिकारी है। महाप्रबन्धक के पद पर कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व अमिताभ ने भारतीय रेलवे के महत्वपूर्ण पदो पर सफलतापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन किया है। अमिताभ ने प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर उत्तर पश्चिम रेलवे एवं बनारस लोकोमोटिव वर्क्स, मण्डल रेल प्रबन्धक प्रयागराज अपर मण्डल रेल प्रबन्धक दिल्ली तथा निदेशक रेलवे बोर्ड आदि महत्वपूर्ण पदों पर सफलतापूर्वक कार्य करने का समृद्ध एवं विविध अनुभव है। अमिताभ ने अपने कार्यकाल में उत्तर पश्चिम रेलवे को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। उनके नेतृत्व में यात्री सुविधाओं में विस्तार सुरक्षा मानकों को मजबूत करने और पर्यावरणीय स्थायित्व को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। अक्टूबर2023 से उत्तर पश्चिम रेलवे ने अमिताभ के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में समयपालनता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके अतिरिक्त संचालन में सुधार यात्री सुविधाओं के विस्तार आधारभूत संरचना के विकास एवं कई महत्वपूर्ण रेलवे परियोजनाओं के क्रियान्वयन से क्षेत्रीय विकास को नई गति मिली है। प्रयागराज मंडल में मंडल रेल प्रबंधक के रूप में उन्हें कुंभ मेला 2019 के दौरान उत्कृष्ट प्रबंधन एवं समन्वय के लिए प्रधानमंत्री द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया था एवं माननीय रेल मंत्री द्वारा भी सुदृढ़ नेतृत्व और बेहतर कार्य निष्पादन के लिए पुरस्कृत किया गया। रेलवे बोर्ड में निदेशक सुरक्षाके रूप में रेलवे सुरक्षा में सुधार के लिए सराहनीय कार्य हेतु वर्ष 2005 में माननीय रेल मंत्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अमिताभ ने रेलवे एवं प्रबंधन संबंधी प्रशिक्षण अध्ययन सम्मेलनों और कार्यशालाओं के लिए देश-विदेश की व्यापक यात्राएँ की हैं।

## नेतरा गांव में श्री मीरा माधव सरकार भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज करेंगे शिरकत सभी तैयारियां पूरी

### मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन अलर्ट कैबिनेट मंत्री कुमावत ने किया निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस.) ।** उपखंड के नेतरा गांव में आयोजित होने वाले श्री मीरा माधव सरकार के भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के शिरकत करने को लेकर तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। और अधिकारियों के साथ बैठक कर चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौजूद उपखंड प्रशासन, पुलिस विभाग और आयोजन समिति के अधिकारियों से तैयारियों की जानकारी ली। मंत्री कुमावत ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएँ समयबद्ध, सुव्यवस्थित और उच्च स्तर पर पूरी की जाएं,ताकि यह पावन आयोजन श्रद्धा,भक्ति और पूर्ण गरिमा के साथ संपन्न हो सके। उन्होंने कहा कि यह समारोह प्रदेश के लिए आध्यात्मिक रूप से महत्वपूर्ण है, इसलिए व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। मंत्री ने मंच स्थल,श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था, पार्किंग,सुरक्षा, बैरिकेडिंग,पेयजल, चिकित्सा सुविधा और यातायात प्रबंधन सहित सभी जरूरी बिंदुओं की प्रत्यक्ष समीक्षा की।इस बीच प्रशासन ने भी कार्यक्रम को लेकर पूरी तैयारियाँ कर ली हैं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस द्वारा विशेष रणनीति तैयार की जा रही है,वहीं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति को देखते हुए अतिरिक्त व्यवस्थाएँ भी की जा रही हैं।

### मुख्यमंत्री आएंगे आज

मुख्यमंत्री 25 नवम्बर को करेंगे आगमन आयोजन समिति के अनुसार,मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 25 नवम्बर दोपहर 12.30 बजे हेलिकॉप्टर से नेतरा पहुंचेंगे। वे सीधे श्री मीरा माधव सरकार प्राण प्रतिष्ठा समारोह स्थल पर पहुंचकर अनुष्ठान में भाग लेंगे और श्रद्धालुओं को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए प्रशासन ने हेलिपैड से लेकर आयोजन स्थल तक सुरक्षा और व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए हैं। गांव व आसपास के क्षेत्र में कार्यक्रम को लेकर उत्साह का माहौल है।

## यूट्यूबर निकला ब्लैकमेलरः महिला को धमकाकर पैसे ऐंठने वाला शातिर गिरफ्तार

### चैनल प्रमोशन के नाम पर अस्पताल का किया दुष्प्रचार, आरोपी पर पहले भी दर्ज हैं ठगी के कई मामले

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास.)** कोटा शहर की महावीर नगर थाना पुलिस ने एक ऐसे यूट्यूबर को गिरफ्तार किया है, जो अपने चैनल का इस्तेमाल ब्लैकमेलिंग और धोखाधड़ी के लिए कर रहा था। आरोपी रवि शंकर उर्फ रवि सामरिया पर आरोप है कि उसने एक महिला से उसके अस्पताल के प्रमोशन के नाम पर पैसे ऐंठे। इतना ही नहीं, जब महिला ने विरोध किया तो उसने प्रमोशन के स्थान पर अस्पताल का दुष्प्रचार करना शुरू कर दिया और स्वयं के इलाज के लिए लगे पैसे भी हड़प लिए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौत्तम के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सैनी के निर्देशन और सीओ वृत चतुर्थ मनीष शर्मा के सुपरविजन मेंबथानाधिकारी रमेश कविया के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस गठित टीम ने आसूचना और तकनीकी सहायता का उपयोग करते हुए फरार चल रहे आरोपी रवि सामरिया (38) को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। आरोपी रवि सामरिया कोटा शहर के दादाबाड़ी थाना क्षेत्र का निवासी है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि गिरफ्तारशुदा मुलजिम रवि शंकर उर्फ रवि सामरिया एक आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ पूर्व में भी कोटा शहर के नयापुरा, जवाहर नगर, विज्ञान नगर और कुन्हाड़ी सहित विभिन्न थानों में धोखाधड़ी, ठगी, आईटी एक्ट की धाराओं और यहाँ तक कि महामारी अधिनियम के तहत कई गंभीर मामले दर्ज हैं। कोटा पुलिस की इस कार्रवाई ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि साइबर स्पेस का दुरुपयोग कर भोले-भाले लोगों को निशाना बनाने वाले अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने आगे भी जनता को ऐसे ऑनलाइन फ्रॉड और ब्लैकमेलिंग की घटनाओं के प्रति सचेत रहने की अपील की है।

## बस्सी थाना पुलिस व डीएसटी टीम की संयुक्त कार्यवाही

### दूध टेंकर की आड़ में ढाई क्विंटल से अधिक डोडाचूरा ले जाते एक गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास.)** चित्तौड़गढ़ जिले में बस्सी थाना पुलिस व डीएसटी टीम ने सोमवार को संयुक्त कार्यवाही करते हुए नाकाबंदी के दौरान एक दुध टेंकर में परिवहन किया जा रहा 267 किलोग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम व धरपकड़ कार्यवाही के तहत एएसपी चित्तौड़गढ़ सरिता सिह एंव डीएसपी ग्रामीण चितौडगढ़ शिवप्रकाश टेलर के पर्यवेक्षण मे थानाधिकारी बस्सी चम्पाराम व पुलिस जाप्ता हैड कांस्टेबल विक्रम सिंह, कांस्टेबल मटूल, नन्दकिशोर, राजपाल व डीएसटी टीम हैड कांस्टेबल भुपेन्द्र सिह, राजदीप सिह, विक्रमसिह, दीपक व सुरेन्द्रपाल द्वारा नाकाबन्दी के दौरान प्रतापपुरा की तरफ से आ रही एक बालेरो पिकअप दुग्ध टेंकर को संदिग्ध होने पर रुकवा कर चेक किया तो उसमें 13 क?ट्टो में भरा 267 किलो 400 ग्राम अवैध डोडा चुरा मिला। जिसे जब्त कर पिकअप मे सवार आरोपी 23 वर्षीय अनिल पुत्र करण सिंह बंजारा निवासी कुवालिया का खेड़ा थाना साडास जिला चितौडगढ़ को गिरफतार किया गया। फरार पिकअप चालक दिनेश पुत्र लादुलाल जाट निवासी कलुण्दीया जिला भीलवाडा की तलाश की जा रही है। बस्सी थाने पर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में डीएसटी के कांस्टेबल राजदीप सिह व विक्रम की विशेष भूमिका रही।


## अनुजा निगम अध्यक्ष राजेंद्र नायक का स्वागत कर सौंपा ज्ञापन



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राज्य अनुजा वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार नायक सुजानगढ़ दौरे पर रहे। इस दौरान गांधी चौक में व्यापारियों द्वारा उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान व्यापारियों ने राजेंद्र कुमार नायक को ज्ञापन सौंपकर बताया कि नगरपरिषद की 17 दुकानें यहां पर स्थित हैं, तो अत्यंत कम उंचाई की हैं। जिसके कारण हर साल बरसाती सीजन में इनमें पानी भरता है और हम लोगों को नुकसान के साथ ही काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। व्यापारी दीनदयाल नाई, मुरली सिंधी आदि ने नायक को बताया कि नगरपरिषद हम लोगों को अपने स्तर पर दुकानों का पुनर्निमाण करने की परमिशन नहीं देती और खुद दुकानों का पुनर्निनिर्माण करती नहीं है। अतः इस समस्या का समाधान करवाया जावे, ताकि व्यापारियों को होने वाले नुकसान को टाला जा सके। जिस पर राजेंद्र कुमार नायक ने शीघ्र ही अधिकारियों से बात की समस्या का समाधान करवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान इन्द्रचंद ढ़ाका, रामचंद्र बिजारणिया, व्यापारी किशोर सिंधी, डूंगरमल, नानूराम, मंगतूराम, श्याम सुंदर सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## रतनगढ़ में अपनी बहिन के साथ भात भरने आए वृद्ध की हुई मौत, छोटे भाई ने करवाया हत्या का मुकदमा दर्ज, कल होगा मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़ (निस.)** मायरा भरने आए 75 वर्षीय व्यक्ति के साथ जमीन विवाद को लेकर सोमवार की शाम मारपीट की गई, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना को लेकर मृतक के छोटे भाई ने मंगलवार को पुलिस में हत्या का मुकदमा दर्ज करवाया है। लेकिन जैसे ही पुलिस पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंची, तो निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर परिजनों ने आक्रोश प्रकट किया। जिसके चलते शव का मेडिकल बोर्ड से बुधवार को पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। पुलिस ने बताया कि लक्ष्मणगढ़ तहसील के गांव अलखपुरा बोगन निवासी मौसीन काजी द्वारा दी गई रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि उसका बड़ा भाई अख्तर हुसैन बहिन अजीज बानो निवासी फतेहपुर की ननद की पुत्री की शादी पर मायरा भरने के लिए सोमवार की शाम रतनगढ़ आया हुआ था। अजीज बानो के ननदोई शोकत खोखर निवासी वार्ड संख्या 35 रतनगढ़, उसका भाई निशार, भतीजा समीर, हसन, साजिद सहित अन्य लोगों ने कहा कि भात भरने की आवश्यकता नहीं है। अजीज बानो के नाम से जो जमीन है, उसे वे ही लेंगे। जिस पर अख्तर ने समझाईश करते हुए कहा कि अभी मायरा ले लो और जमीन भी बाद में दिलवा देंगे। इस बात को लेकर इन लोगों ने अजीज बानो व उसकी पुत्री नादीरा के साथ मारपीट की। जब अख्तर ने बीचबचाव किया, तो इन लोगों ने उसके साथ भी मारपीट की, जिससे उसकी तबियत बिगड़ गई। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर आए, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं परिजन निष्पक्ष जांच एवं दोषियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अपना आक्रोश जताते हुए शव का पोस्टमार्टम करवाने से मना कर दिया। मृतक के भाई मौसिन ने बताया कि उसके भाई के शव पर चोट के निशान है, जिससे स्पष्ट है कि उसके साथ मारपीट की गई है। लेकिन पुलिस द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। शव का पोस्टमार्टम रतनगढ़ के बाहर से डॉक्टरों से करवाया जाए, ताकि निष्पक्ष जांच हो सके। वहीं इस संदर्भ में सीआई गौरव खीड़िया ने बताया कि पुलिस ने इस प्रकरण में मुकदमा दर्ज कर मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाने का निवेदन एसपी चूरू से कर दिया है। उसके बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।

# एसआईआर कार्य में उल्लेखनीय कार्य करने वाले बीएलओ हुए सम्मानित

### स्वास्थ्य, सीमाओं और संघर्षों से जूझते हुए भी जमीन पर डटे रहे बीएलओ-डीईओ

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर,(निस.)** जिले में चल रहे विशेष सक्षिप्त गहन पुनरीक्षण-2026 एसआईआर के दौरान जिला केवल आंकड़ों में ही नहीं, जज्बे और जिम्मेदारी में भी अग्रणी जिलों में शामिल हुआ है। यह उपलब्धि किसी संयोग का परिणाम नहीं-यह उन बीएलओं (बूथ लेवल अधिकारियों) की अथक मेहनत, इच्छाशक्ति और कर्तव्यपरायणता की कहानी है जो अपने स्वास्थ्य, सीमाओं और संघर्षों से जूझते हुए भी जमीन पर डटे रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी ने बताया कि 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक चलने वाले इस अभियान में आज हम आपको बताएंगे जिले के उन बीएलओ के बारे में जिनके हौसले आसमान से भी बुलंद




है। जिले के 73 बीएलओं एवं 2 बीएलओ सुपरवाईजर ने 25 नवम्बर तक ही शत-प्रतिशत ऑनलाइन अपडेट कर एक मिसाल कायम की। अपनी व्यक्तिगत परिस्थितियों को पीछे छोड़, नागरिक जिम्मेदारी को सर्वोपरि रखने का यह उदाहरण आज पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा बन गया है। उन्होंने बताया कि जिले के 77-विधानसभा क्षेत्र बसेड़ी के भाग संख्या 75 के बीएलओ अतर सिंह एवं भाग संख्या 94 के बीएलओ सत्येन्द्र सिंह, 78-विधानसभा क्षेत्र बाड़ी के भाग संख्या 99 के बीएलओ नरेन्द्र शर्मा, भाग संख्या 106 के बीएलओ विजय सिंह, भाग संख्या 112 के बीएलओ सतेन्द्र सिंह, भाग संख्या 115 के बीएलओ जयसिंह, भाग संख्या 123 के बीएलओ अतुल कुमार प्रजापति, भाग संख्या 137 के बीएलओ नवल गिरि, भाग संख्या 142 के बीएलओ एशवीर सिंह, भाग संख्या 143 के बीएलओ श्रीकांत, भाग संख्या 156 के बीएलओ संजीत कुमार, भाग संख्या 158 के बीएलओ मुरारीलाल, भाग संख्या 171 के बीएलओ लोकेश कुमार, भाग संख्या 218 के बीएलओ आमिर खान, भाग संख्या 232 के बीएलओ देवेन्द्र कुमार, भाग संख्या 233 के बीएलओ जितेन्द्र सिंह, भाग संख्या 250 के बीएलओ हरमेन्द्र सैनी एवं भाग संख्या 261 के बीएलओ अमृत लाल, 79-विधानसभा क्षेत्र धौलपुर के भाग संख्या 147 के बीएलओ रजवीर सिंह तथा 80-विधानसभा क्षेत्र राजाखेड़ा के भाग संख्या 201 के बीएलओ भूपेन्द्र कुमार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाताओं के परिगणना प्रपत्रों को शतप्रतिशत डिजिटाइज कर राष्ट्रीय महत्व के कार्य में उल्लेखनीय योगदान करने पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन द्वारा भेजे गए प्रशस्ति पत्र जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी द्वारा देकर सम्मानित और प्रोत्साहित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बसेड़ी विधानसभा के 12 बीएलओ, बाड़ी विधानसभा के 33 बीएलओ, धौलपुर विधानसभा के 4 बीएलओ तथा राजाखेड़ा के 1 बीएलओ को जिला स्तरीय प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि समस्त कार्मिक राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य को पूर्ण गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिले में कई बीएलओ द्वारा ईएफ वितरण और डिजिटाइजेशन में शत-प्रतिशत कार्य करने पर उनको सम्मानित किया गया है। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने उल्लेखनीय कार्य करने वाले बीएलओ से आह्वान किया कि वे अपने विधानसभा क्षेत्र के अन्य बीएलओ का उक्त कार्यों में सहयोग करें। सभी मिलकर कार्य करेंगे तो जिले में एसआईआर कार्यों को सफलतापूर्वक संपन्न किया जा सकेगा। जिले की चारों विधानसभाओं में डिजिटाईजेशन का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। जिले की विधानसभा क्षेत्र 77-बसेड़ी में 1 लाख 85 हजार 495, 78-बाड़ी में 2 लाख 25 हजार 246, 79-धौलपुर में 1 लाख 77 हजार 862 तथा 80-राजाखेड़ा में 1 लाख 60 हजार 721 कुल 7 लाख 49 हजार 324 ईएफ 81.64 प्रतिशत को डिजिटाइड किया गया है। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी हरिराम मीना, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी कर्मवीर सिंह, सीबीईओ महेश कुमार मंगल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रत्येक ग्राम के आमजनों को वर्षा जल संग्रहण की सम्भावनाओं से अवगत कराया जाए



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर,(निस.)** जिले में अमृत सरोवर जल संचयन, जल जीवन मिशन, जल संरचनाओं का जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देशन में अधीक्षण अभियन्ता जलग्रहण ने केन्द्रीय नोडल अधिकारी निदेशक बजट रक्षा मंत्रालय सुभाष कुमार एवं तकनीकी अधिकारी प्रमोद कुमार के साथ रहकर जिले में किए गए चैक डैम, तालाब आदि का अवलोकन कराया। इस दौरान नोडल अधिकारी ने कहा कि जल स्त्रोतों के बारे में प्रत्येक ग्राम के आमजनों को वर्षा जल संग्रहण की सम्भावनाओं से अवगत कराया जाए। उन्होंने प्रत्येक कार्य को जीयो टैगिंग और ऐप के आधारित रिपोर्टिंग की जानी चाहिए। अवलोकन के दौरान उन्होंने पार्वती डैम, मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0 एवं केन्द्रीय प्रवर्तित योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-2.0 के अन्तर्गत ताजपुरा एवं बनौरा में वर्षा जल संरक्षण के एमपीटी, पीटी, एनीकट, ईसीडी आदि कार्यो का अवलोकन किया। साथ ही वन विभाग द्वारा किए गए पौधारोपण कार्यो का भी अवलोकन किया।

## बाइक सवार पिता पुत्र को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

### बेटे की मौत पिता घायल

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस.)** जिले के मनिया उपखंड में खेरली रपट पर शादी समारोह से लौट रहे बाइक सवार पिता पुत्र को एक अज्ञात बहन ने टक्कर मार दी। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने पुरुष को सूचना देकर घायल पिता पुत्र को धौलपुर अस्पताल भेजा।इलाज के दौरान पुत्र की मौत हो गई वहीं पिता गंभीर रूप से घायल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रूपवास के नजदीकी गांव सुज्जन का बास निवासी देशराज उम्र 65 वर्ष जाति मेहतर और पुत्र बबलू उम्र 35 वर्ष खेरली गांव में एक शादी समारोह में आए हुए थे। शादी समारोह से लौटते समय रात्रि करीबन 9:30 - 10 बजे के बीच खेरली रपट पर पीछे से आ रहे तेज गति अज्ञात बहन ने टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए घटनास्थल पर भीड़ एकत्रित हो गई जिन्होंने मनिया पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय निवासियों के सहयोग से दोनों घायलों को धौलपुर अस्पताल भेज दिया वहां इलाज के दौरान 35 वर्षीय बबलू की मौत हो गई एवं पिता गंभीर रूप से घायल है पिता की स्थिति गंभीर है।

## नवगठित ग्राम पंचायत उंदरों का खेड़ा को मुख्यालय घोषित करने की मांग



जयपुर टाइम्स

**बिजौलिया(निस.)**। नवगठित ग्राम पंचायत उंदरों का खेड़ा को मुख्यालय घोषित करने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी अजित सिंह राठौड़ को ज्ञापन सौंप कर बताया कि ग्राम पंचायत पंचायत पुनर्गठन 2025 के अंतर्गत नवगठित ग्राम पंचायत ऊंदरों का खेड़ा बनाई गई। परन्तु शासन की गाइडलाइंस के विपरीत मुख्यालय धनवाड़ा को घोषित किया गया।जबकि धनवाड़ा मूलभूत सुविधाओं से वंचित है एवं पंचायत से लगभग 4 किलोमीटर दूर जंगल क्षेत्र में स्थित है, जहाँ आमजन की आवाजाही भी अत्यंत कठिन है।सरकारी गाइडलाइंस के अनुसार पंचायत मुख्यालय उसी ग्राम में घोषित किया जाना चाहिए जिसमें प्रशासनिक कार्य संचालन एवं जनसुविधाओं हेतु उपयुक्त व्यवस्थाएँ उपलब्ध हों। इसी आधार पर ऊदरों का खेड़ा मुख्यालय के लिए पूर्ण रूप से योग्य है।

### शपथ पत्र

मैं नोजा देवी पत्नी सीताराम जाट निवासी बंधनाऊ दिखनादा शपथ पूर्वक बयान करती हूं कि मेरे पति सीताराम पुत्र पुन्नाराम जाट निवासी बंधनाऊ दिखनादा के नाम से एक वाहन CRETA 1.4 CRDI EX जिसके रजिस्ट्रेशन नंबर RJ 10 CB0860 चैचिस नंबर MALC181RLKN635614 इंजन नंबर D4FCKM889322 मॉडल 2020 जो की रजिस्ट्रेशन शुदा स्थित है। मुझ शपथग्रहिता के पति सीताराम का स्वर्गवास दिनांक 8.8.2024 को हो चुका है। मैं उक्त वाहन को अपने नाम ट्रांसफर करवा रही हूं। जिस बाबत यदि कोई आपत्ति करना चाहता हो तो जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय चूरू में समाचार पत्र में नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ति फाइल कर सकता है। मेरी जानकारी अगर गलत होगी तो समस्त कानूनी कार्रवाई की जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी।

**पता -**
**नोजा देवी पत्नी सीताराम जाट**
**निवासी - बंधनाऊ दिखनादा**
**सरदारशहर चूरू**

### नाम परिवर्तन

मैं बंशीधर गुर्जर पुत्र श्री सुल्ताना राम, जाति - गुर्जर, निवासी -वार्ड नंबर 10, ग्राम- देवपुरा, तहसील- नवलगढ़, जिला- झुंझुनू सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरी पुत्री जिसका नाम आशा कुमारी है, जिसकी जन्म तिथि 10 मई 2011 है, मेरी पुत्री का स्कूल रिकॉर्ड में पिता का नाम गलती से शेर सिंह दर्ज हो गया है। जबकि मेरी पुत्री के अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा नाम बंशीधर गुर्जर दर्ज है। अतः मेरी पुत्री के स्कूल रिकॉर्ड में पिता का नाम बंशीधर गुर्जर पढ़ा एवं समझा जाए।

## स्थानीय कलाकारों ने बेहतरीन प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को तालियां बजाने पर किया मजबूर



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस.)** शरद महोत्सव 2025 के अंतर्गत डांस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित दर्शकों को हंसने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम अतिथि शांति, अनु वशिष्ठ, पूजा नरसल एवं अलका विश्नोई रही। नगर परिषद के कर्मचारियों ने अतिथियों का स्वागत किया एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए। इस मौके पर अतिथि शांति ने कहा कि नगर परिषद द्वारा जो मेला लगाया है उसका माहौल देखने में काफी अच्छा लगा और आगे भी इस प्रकार मेला आयोजित होना चाहिए। अनु वशिष्ठ ने कहा कि शरद महोत्सव के इस मंच से स्थानीय कलाकारों को जो मौका दिया गया वह काबिल ए तारीफ है। अतिथि पूजा नरसल ने कहा कि बच्चों ने जो प्रदर्शन किया है वह एक विद्या है जिससे शारीरिक एवं बौद्धिक विकास होता था। अलका विश्नोई ने कहा कि इस मेले में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है अगर मेले लगते रहें तो हमारी संस्कृति को जानने का मौका मिलता है। कार्यक्रम में अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके पश्चात स्थानीय कलाकारों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। वहीं कार्यक्रम में टीम जी- क्रंप ग्रुप ने पहलगाम में हुए आतंकी हमला का बदला, ऑपरेशन सिंदूर, देश भक्ति गानों पर डांस की प्रस्तुति देकर माहौल देशभक्तिमय बना दिया। टीम ने फिल्मी गानों पर भी नृत्य की प्रस्तुतियां दी। मंच का संचालन रंजीत दिवाकर ने किया।

**मेहंदी प्रतियोगिता में बच्चियों ने दिखाई कला**

मेहंदी प्रतियोगिता में बच्चियों ने मेंहदी उकेरी। जिसके परिणाम निर्णायकों ने घोषित किए जिनमें सीनियर वर्ग में फराह खान प्रथम, सोनिया और ऋतु द्वितीय रही। जूनियर वर्ग में अक्ष्मित प्रथम, निशा द्वितीय एवं मुस्कान तृतीय रहीं।

**गोला फैंक में बच्चों ने दिखाई दम**

मंगलवार दोपहर में गोला फैंक प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें काफी बच्चों ने भागीदारी निभाई। जिनमें सीनियर वर्ग 19 वर्षीय में रोहित गुर्जर प्रथम, सौरव द्वितीय एवं अमित गुर्जर तृतीय रही, सीनियर वर्ग 17 वर्षीय में अजय गुर्जर प्रथम, गौरव द्वितीय, प्रदीप तृतीय रहे। जूनियर वर्ग में चाहत चौधरी प्रथम, सोनम कंसाना द्वितीय, हिमांशी तृतीय रही है। सब जूनियर वर्ग में प्रथम पूनम, निशा द्वितीय एवं गौरी तृतीय रही।

## आंगई थाना के मामले में फरार मुख्य आरोपी भवानी व योगी उर्फ योगेन्द्र गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**भरतपुर(निस.)** महानिरीक्षक पुलिस रेंज भरतपुर कैलाश चंद विश्नोई एवं धौलपुर जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान आईपीएस के निर्देशन में वांछित अपराधियों की धरपकड़, अवैध शराब, अवैध हथियार, अवैध खनन के विरूद्ध कार्यवाही के अन्तर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ बाड़ी डॉ कमल कुमार एवं नरेन्द्र मीणा आरपीएस वृत्ताधिकारी वृत्त सरमथुरा एवं संतोष शर्मा उप निरीक्षक आंगई थानाधिकारी द्वारा थाना के प्रकरण में फरार मुल्जिमों को गिरफ्तार किया। घटना दिनांक 18 नवम्बर 2025 को एक तहरीर रिपोर्ट रॉयल्टी नाकाकर्मी अनेक सिंह जादौन पुत्र रामेश्वर सिंह जादौन उम्र 47 साल निवासी पिपरैट थाना आंगई जिला धौलपुर ने थाना पर उपस्थित होकर इस आशय पेश की कि दिनांक 18 नवम्बर 2025 को करीब रात 1 बजे कि बात है एक फोर्च्यूनर गाड़ी RJ14-N-0438 गाड़ी में चार व्यक्ति आये। जो अपने आप को रॉयल्टी ठेकेदार बता रहे थे और जब में कमरे से बाहर आया तो वो लोग गाली गलौच देने लगे और मुझे मारने की कोशिश की तो मैं भागकर कमरे में अंदर चला गया और कमरे के अन्दर से कुंदी लगा ली। उन्होंने बाहर से खिडकियों में पत्थर से हमला किया और गेटों को तोड़ने की कोशिश की और मुझे मारने की धमकी दी और धमकी देते समय एक व्यक्ति अपना नाम भवानी सिंह बता रहा था। इस पर मुकदमा धारा बीएनएस में दर्ज कर थानाधिकारी संतोष शर्मा उप निरीक्षक के द्वारा अनुसंधान एवं तलाश जारी रखी। तलाश के दौरान दिनांक 24 नवम्बर 2025 को इस मामले का मुख्य आरोपी भवानी सिंह पुत्र रामस्वरुप जाति गुर्जर उम्र 36 साल निवासी फागुने का पुरा थाना नादनपुर जिला धौलपुर व योगी उर्फ योगेन्द्र पुत्र महताब सिंह जाति गुर्जर उम्र 28 साल निवासी गजपुरा थाना बाड़ी सदर जिला धौलपुर को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर पूछताछ जारी हैं।

## प्रजापति समाज के 11 जोड़े का सामूहिक विवाह सम्मेलन

### हरसूलिया में मंगल ध्वनियों और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सभी 11 जोड़ों का विवाह संपन्न



जयपुर टाईम्स

**सांगानेर(निस.)**। हरसूलिया स्थित जय मां दुर्गा गौ शाला, एलएनटी रोड परिसर में प्रजापति समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। श्रीयादे प्रजापति सेवा संस्थान द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में 11 जोड़ों ने सात फेरे लेकर नए जीवन की शुरुआत की। समारोह में समाजजनों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। यह परिसर भक्ति, परंपरा और सामाजिक एकजुटता के रंग में सराबोर रहा। जयपुर जिला प्रमुख रमा देवी चोपड़ा ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभकिया। कार्यक्रम संयोजक कन्हैयालाल प्रजापति( रेनवाल मांजी) और बाबूलाल प्रजापति(चंदलाई ) ने बताया कि मंचासीन अतिथियों, भामाशाहों और समाज की प्रतिभाओं का शॉल, साफा और स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया गया। मंगल ध्वनियों और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सभी 11 जोड़ों ने विवाह संपन्न किया। संस्थान की ओर से वर-वधू पक्ष को गृहस्थ जीवन में उपयोगी सामग्री भेंट की गई। कन्यादान, वरमाला और आशीर्वाद के पलों ने पूरे माहौल को धार्मिक और उत्सव मय बना दिया। समारोह में समाजजन, युवा संगठनों और महिला शक्ति की सक्रिय उपस्थिति रही। आयोजन की सफलता पर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सभी भामाशाहों तथा सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर श्रीयादे माटी कला बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद राय टांक, पूर्व राज्य मंत्री पीएल प्रजापति, आरएएस कमलेश प्रजापति, गौशाला संचालक रामकरण दास महाराज, मंडल अध्यक्ष तेजपाल भाखर, जिला परिषद सदस्य जैकी टाटीवाल, रामसिंह चांदावास, ग्राम पंचायत थला प्रशासक राजेन्द्र सिंगाड़िया, धन्नालाल प्रजापति, छीतर लाल, रामस्वरूप, पूर्व सरपंच भगवान सहाय प्रजापति, मदन लाल, गोपाल सहित हजारों लोग मौजूद रहे। यह सम्मेलन समाज की एकजुटता और संस्कारों का सजीव संगम बना रहा।

## साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान आयोजित

### हुनर शक्ति फाउंडेशन ने बच्चों व अभिभावकों को किया जागरूक



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस.)**। डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों से लोगों को सतर्क करने के उद्देश्य से हुनर शक्ति फाउंडेशन द्वारा अशोक मेमोरियल पब्लिक स्कूल, ग्राम गंगो लियापुरा, राजाखेड़ा, जिला धौलपुर में मंगलवार, 25 नवंबर 2025 को साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था प्रमुख प्रशांत शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और उनके माध्यम से अभिभावकों तक सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार का संदेश पहुंचाना है। उन्होंने बैंक डिटेल्स, ओटीपी, पासवर्ड व सोशल मीडिया अकाउंट जैसी व्यक्तिगत जानकारियों को सुरक्षित रखने के व्यावहारिक उपाय बताए। फाउंडेशन के विशेषज्ञों ने समझाया कि आज साइबर अपराधी फ़िशिंग, फेक कॉल्स, नकली ऐप (APK फाइल), फ्रॉड वेबसाइट्स सहित कई तरीकों से लोगों को निशाना बनाते हैं, ऐसे में डिजिटल साक्षरता और सतर्कता बेहद ज़रूरी है। फाउंडेशन की सचिव नीरज झा ने कहा कि 'डिजिटल इंडिया के दौर में साइबर सुरक्षा केवल तकनीकी विषय नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। जागरूकता ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। ' कार्यक्रम में 'सुरक्षित इंटरनेट उपयोग ', 'सोशल मीडिया पर गोपनीयता की रक्षा' और 'ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव' पर विस्तार से जानकारी दी गई। वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से छोटी लापरवाही से होने वाले बड़े नुकसान समझाए गए। अंत में प्रतिभागियों से साइबर सुरक्षा की शपथ दिलवाई गई और जागरूकता पम्पलेट वितरित किए गए। फाउंडेशन ने भविष्य में राजस्थान सहित अन्य राज्यों में भी ऐसे कार्यक्रम जारी रखने की घोषणा की। कार्यक्रम में संस्था के जिला अध्यक्ष राधेश्याम तोमर, विद्यालय प्रधानाध्यापक सुरेन्द्र कुमार ओझा, व्यवस्थापक संतोष कुमार, शिक्षक निरमा सिंह, योगेन्द्र सिंह, केशव सिंह बघेल तथा कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## खनन व्यवसायी के साथ मारपीट,थाने में मामला दर्ज

जयपुर टाइम्स

**बिजौलिया(निस.)**। छोटा थड़ोदा निवासी खनन व्यवसायी मदन लाल धाकड़ द्वारा थाने में रिपोर्ट देकर प्रेम मीणा व अनिल धाकड़ समेत 7-8 व्यक्तियों के खिलाफ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया।रिपोर्ट में बताया कि वह सोमवार शाम को करीब 5.30 बजे उदयपुर की बस से पेट्रोल पम्प पर उतर कर कुछ दूर गया तो उपरोक्त आरोपियों ने हॉकी स्टिक से ताबड़ तोड़ वार किए जिसके कारण शरीर पर गम्भीर चोटें आई।साथ ही आरोपियों ने जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दी।मदन ने जान-माल का खतरा और संगीन वारदात की आशंका के चलते कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई हैं।पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी हैं।



## *गैंगस्टर महिमामंडन पर पुलिस का प्रहारः कोटपूतली में लॉरेंस बिश्नोई के नाम की जैकेट बेचते 3 गिरफ्तार*

***जयपुर*** *जिला कोटपूतली-बहरोड़ के पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई द्वारा दिए गए सख्त निर्देशों के बाद पुलिस ने अपराधियों और गैंगस्टरों को लाइक-फॉलो करने और उनका प्रचार-प्रसार करने वालों के खिलाफ एक प्रभावी अभियान शुरू किया है। इसी क्रम में थाना कोटपूतली पुलिस की टीम ने कस्बे में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम का महिमामंडन करने वाली वस्तुएं बेचने वाले लोगों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। एसपी बिश्नोई ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नाजिम अली और वृताधिकारी राजेन्द्र कुमार बुरड़क के सुपरविजन में थानाधिकारी राजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में कोटपूतली पुलिस टीम ने आसूचना संकलन किया। सूचना के आधार पर टीम ने कस्बा कोटपूतली के सिटी प्लाजा से लॉरेंस बिश्नोई के नाम का प्रचार करने वाली जैकेट बेचते हुए तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। इन गिरफ्तारशुदा व्यक्तियों के पास से 35 जैकेट जब्त की गई हैं। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान कृष्ण उर्फ गुड्डू पुत्र महावीर शर्मा (38), संजय सैनी पुत्र नंछूराम (31) और सुरेशचन्द शर्मा पुत्र मोहरे लाल (50) के रूप में हुई है। ये तीनों ही कोटपूतली क्षेत्र के निवासी हैं। जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार के कृत्य समाज में अपराध को बढ़ावा देते हैं और युवाओं को गुमराह करते हैं। कोटपूतली-बहरोड़ जिले में अपराधियों/गैंगस्टरों का महिमामंडन करने वाले या उनका किसी भी रूप में प्रचार-प्रसार करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ यह प्रभावी कार्रवाई भविष्य में भी लगातार जारी रहेगी।*

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
26 नवम्बर, 2025

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पाली में श्री मीरा-माधव मंदिर और श्रीकृष्ण भगवान मन्दिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में की शिरकत






### मुख्यमंत्री शर्मा ने भामाशाह श्रीमती कंकूबाई हजारी सिंह राजपुरोहित परिवार नेतरा का किया भव्य स्वागत

### 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सनातन संस्कृति के संरक्षण में हुए महत्वपूर्ण कार्य'

### 'राज्य सरकार गौवंश संवर्धन के लिए पूर्ण रूप से समर्पित'

### 'युवा, महिला, मजदूर, किसान के सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध'- मुख्यमंत्री

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर। पाली/(निसं.)** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि केन्द्र और राज्य की डबल इंजन की सरकार सनातन संस्कृति के उत्थान, गौसेवा और युवा, महिला, मजदूर तथा किसान सहित सभी वर्गों के कल्याण के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास के साथ-साथ विरासत के मंत्र को आत्मसात् करते हुए राज्य सरकार मन्दिरों और तीर्थ स्थलों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित कर रही है। शर्मा मंगलवार को पाली के नेतरा में भगवान श्री मीरा-माधव मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यहां गौशाला परिसर में बने मन्दिर में भगवान श्री मीरा-माधव सरकार की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। यह उनके लिए सौभाग्य की बात है कि उन्हें गौमाता की चरण धूलि से पवित्र इस पुण्य भूमि पर आने का अवसर मिला है। यहां भगवान श्रीकृष्ण और भक्त शिरोमणि मीरा बाई की आराधना होगी, जिससे नेतरा गांव की पुण्य भूमि साक्षात बैकुंठ के समान बन जाएगी। यह पूरा आयोजन पाली जिले के नेतरा निवासी कंकू बाई धर्मपत्नी हजारी सिंह राजपुरोहित परिवार की ओर से आयोजित किया गया।

### आस्था धामों में हो रहे विश्व स्तरीय विकास कार्य

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश में सनातन संस्कृति के संरक्षण में अनेक कार्य हुए हैं। सदियों की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर का निर्माण पूर्ण हुआ है। यह मंदिर सांस्कृतिक तौर पर विश्व का सबसे बड़ा केंद्र बन गया है। आज करोड़ों लोगों धार्मिक भावनाओं को पूरा करते हुए प्रधानमंत्री ने श्री राम मंदिर में धर्मध्वजा फहराई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन में महाकाल कॉरिडोर के साथ केदारनाथ एवं बद्रीनाथ जैसे आस्था धामों में विश्व स्तरीय विकास के कार्य कराए गए हैं।

### *21 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को कराई अयोध्या यात्रा*

*मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। प्रदेश में 129 मेलों, उत्सवों व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत 21 हजार से अधिक यात्रियों को अयोध्या और लगभग 6 हजार श्रद्धालुओं को हवाई मार्ग से नेपाल में भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन करवाए गए। इस योजना के तहत 57 हजार से अधिक यात्रियों को ट्रेन से विभिन्न तीर्थ स्थलों की यात्रा करवाई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में राजस्थान से शामिल होने गए लाखों श्रद्धालुओं के लिए राज्य सरकार ने विशेष कैम्प स्थापित किया। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने गौ संरक्षण और संवर्धन योजनाओं के लिए 2 हजार 791 करोड़ रुपये की अनुदान राशि दी है। प्रत्येक पंजीकृत गौशाला को प्रतिदिन प्रति गाय 50 रुपये और छोटे बछड़े के लिए 25 रुपये की सहायता दी जा रही है। 341 गौशालाओं में आधारभूत सुविधाओं का निर्माण कराया गया है। वहीं, मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक प्रोत्साहन योजना के तहत 500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने गोधाम महातीर्थ पथमेड़ा को 11 लाख रुपये का चेक सौंपा। कार्यक्रम में पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत, राज्यसभा सांसद एवं प्रदेशाअध्यक्ष मदन राठौड़,सांसद लुम्बाराम चौधरी, सांसद पी.पी चौधरी, विधायक छगन सिंह राजपुरोहित,करण सिंह राजपुरोहित पूर्व जिला अध्यक्ष पाली,गुलाब सिंह राजपुरोहित पूर्व विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।*

## गाड़ी छीनने का लगाया आरोप

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)**। स्थानीय पुलिस थाने में पारेवड़ा गांव के भागूराम ने प्रार्थना पत्र देकर पुलिस को बताया है कि मैं 17 नवम्बर को मेरे गांव से अनाज लेकर किराये पर जा रहा था। गांव मींगणा के पास पहुंचा तो बिना नंबर की स्वीफ्ट कार कुछ लोगों ने मेरी गाड़ी के आगे लगा दी। इस दौरान एक व्यक्ति मुझसे गाली गलोच करने लगा और दूसरा मेरी गाड़ी लेकर भाग गया। उन्होंने कहा कि तुम्हारी किश्त ड्यू है। प्रार्थी का कहना है कि लगातार रोज फोन कर रहा हूं, लेकिन आरोपी न तो किश्तें बता रहे हैं और न ही गाड़ी वापस कर रहे हैं। कानूनी कार्यवाही की मांग भागीरथ द्वारा की गई है।

## नगर निगम जयपुर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा की गई कार्रवाई

### 3 हजार रुपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 2 केन्टर सामान जब्त

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** ।नगर निगम जयपुर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देषानुसार एवं पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में मंगलवार को सतर्कता शाखा की द्वारा नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में एसएमएस अस्पताल, ट्रोमा सेन्टर,गुजराती स्कूल के सामने, रोड़ नं. 17 बस स्टैण्ड से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 3 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 2 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में एसएमएस अस्पताल, ट्रोमा सेन्टर,गुजराती स्कूल के सामने, रोड़ नं. 17 बस स्टैण्ड से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्रवाई के दौरान 2 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 3 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइष करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

## स्पीकर ने प्रमोद जैन भाया को विधानसभा में शपथ दिलाई, जूली और कांग्रेस के विधायक रहे मौजूद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कांस.)**। अंता विधानसभा सीट पर उपचुनाव में जीत हासिल करने वाले कांग्रेस विधायक प्रमोद जैन भाया को मंगलवार को विधानसभा में स्पीकर के चेंबर में वासुदेव देवनानी ने शपथ दिलाई इस अवसर पर प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली और कांग्रेस पार्टी के कई विधायक मौजूद रहे शपथ लेने के बाद प्रमोद जैन भाया ने



बाकायदा स्पीकर के चरण स्पर्श किए और देवनानी ने भी उन्हें उनके अच्छे कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान प्रमोद जैन भाया ने कहा कि अंता विधानसभा क्षेत्र में यूरिया के नाम पर किसानों के साथ धोखा किया जा रहा है जो किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रमोद जैन भाया ने प्रदेश की भजनलाल सरकार से पुरजोर मांग की है कि किसानों को यूरिया उपलब्ध करवाने के लिए डायलॉग की वजह धरातल पर कार्य करें अन्यथा वे अपने क्षेत्र में किसानों को लेकर सड़कों पर उतरने से भी पीछे नहीं हटेंगे द्य इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए टीकाराम जूली ने कहा कि अंता विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी की जितने यह संदेश दिया है कि प्रदेश की जनता ने भाजपा की सरकार से किनारा कर लिया है यह चुनाव सिर्फ अंता विधानसभा क्षेत्र का नहीं था बल्कि यह भजनलाल सरकार का एक टेस्ट था जिसमें भजनलाल सरकार पूरी तरह से विफल साबित हुई है इसलिए इस सरकार को अब बने रहने का कोई हक नहीं है उन्होंने कहा कि अब तक के कार्यकाल में सिर्फ डायलॉग बाजी देखने को मिली है हकीकत में कुछ भी कार्य नहीं हुआ है प्रदेश की भाजपा सरकार ने जो कार्य किया है वह सिर्फ पिछली सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को या तो बंद करने का कार्य किया है या फिर कमजोर करने का कार्य किया है इसके अलावा प्रदेश की भजनलाल सरकार ने कुछ भी कार्य नहीं किया क्योंकि यह सरकार पर्ची की सरकार है और जो दिल्ली से पर्ची में लिखा हुआ आता है वही कार्य प्रदेश सरकार कर रही है इस सरकार का जनता से कोई लेना-देना नहीं है

# जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने 95 बीएलओ को किया सम्मानित

### विपरीत परिस्थितियों में भी लक्ष्य हासिल करने वाले बीएलओ बने प्रेरणास्रोत

### शत-प्रतिशत परिगणना प्रपत्रों का डिजिटलीकरण कर कायम की मिसाल

### जयपुर में 30 लाख से अधिक परिगणना प्रपत्रों का हुआ डिजिटलीकरण

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)**। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत परिगणना प्रपत्रों के डिजिटलीकरण कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जुझारू, समर्पित एवं प्रेरक 95 बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मानित बीएलओ में दिव्यांग बीएलओ, पहली बार जिम्मेदारी संभालने वाले बीएलओ, सेवानिवृत्ति के निकट पहुंच चुके बीएलओ तथा वे अधिकारी भी शामिल हैं जिन्होंने भौगोलिक, शारीरिक व भावनात्मक चुनौतियों तथा सीमित संसाधनों के बावजूद लक्ष्य हासिल करने का जज्बा दिखाया। कई बीएलओ ने तो ऐसे क्षेत्रों में भी शत-प्रतिशत डिजिटलीकरण कर मिसाल कायम की, जहां इंटरनेट सुविधाएं उपलब्ध नहीं थीं। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बीएलओ से संवाद के दौरान उन्होंने न केवल उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की मुक्तकंठ से सराहना की, बल्कि यह भी कहा कि उनकी यह प्रतिबद्धता पूरे जिले के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने आग्रह किया कि वे अपने अनुभव, ऊर्जा और कार्यकुशलता को अन्य साथी बीएलओ तक पहुँचाकर उन्हें भी लक्ष्य प्राप्ति में मार्गदर्शन दें, ताकि पूरे जिले में पुनरीक्षण अभियान की गति और अधिक मजबूत एवं प्रभावशाली रूप में आगे बढ़ सके उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेघराज मीणा ने बताया कि सम्मान समारोह में चाकसू विधानसभा क्षेत्र के 23 बीएलओ, बस्सी विधानसभा क्षेत्र के 17 बीएलओ, आमेर विधानसभा क्षेत्र के 16 बीएलओ, शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र के 10 बीएलओ, झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के 9 बीएलओ, दूदू विधानसभा क्षेत्र के 7 बीएलओ, जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के 6 बीएलओ, बगरू विधानसभा क्षेत्र के 4 बीएलओ तो वहीं, चौमूं, फुलेरा एवं विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के 1-1 बीएलओ को सम्मानित किया गया। इससे पूर्व भी विगत सप्ताह भी शत प्रतिशत डिजिटलीकरण का लक्ष्य हासिल करने वाले 4 बीएलओ को जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया था। उन्होंने बताया कि जयपुर जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत परिगणना कार्य प्रगति पर है। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी निरंतर कार्यक्रम की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मेघराज मीणा ने बताया कि 30 लाख 75 हजार 806 यानी 63.77 फीसदी से अधिक परिगणना प्रपत्रों का डिजिटलीकरण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि बस्सी विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 96 हजार 216, शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 98 हजार 474, चौमूं विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 9 हजार 42, चाकसू विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 86 हजार 198, दूदू विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 5 हजार 869, फुलेरा विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 3 हजार 858, आमेर विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 26 हजार 410, जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 77 हजार 526, हवामहल विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 59 हजार 273 परिगणना प्रपत्रों का डिजिटलीकरण किया जा चुका है। साथ ही उन्होंने बताया कि किशनपोल विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 11 हजार 53, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 50 हजार 658, झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 48 हजार 346, बगरू विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 4 हजार 271, सिविल लाइन्स विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 28 हजार 706, मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 15 हजार 472, सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 80 हजार 685 एवं विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 73 हजार 749 परिगणना प्रपत्रों का डिजिटलीकरण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पूर्व विशेष गहन पुनरीक्षण की मतदाता सूची में अब साधारण जानकारी के आधार पर नाम खोजने का विकल्प मुहैया करवाया गया है, जिससे मतदाताओं को अपना नाम खोजने और परिगणना प्रपत्र भरने में और अधिक सहजता मिलेगी। निर्वाचन विभाग द्वारा साथ ही मतदाताओं को सुविधा प्रदान करने हेतु ऑनलाइन विकल्प भी उपलब्ध कराया गया है। मतदाता स्वयं अपना परिगणना प्रपत्र ब्ह्हह्श्च्ह्य://1श्ह्वद्दह्म्ह्य.द्गष्द्ब.द्दश1.द्बठ्ठ/ पर जाकर अथवा प्रदान किए गए त्तक्र ष्टशस्रद्ग को स्कैन कर ऑनलाइन भर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी मतदाताओं से अपील है कि वे अपने तथा अपने परिवारजनों के परिगणना प्रपत्र अधिक से अधिक संख्या में ऑनलाइन भरकर अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें। जिले में परिगणना प्रपत्रों के डिजिटलीकरण की प्रगति के अनुसार विधानसभा क्षेत्र शाहपुरा सर्वाधिक 82.62 फीसदी प्रपत्रों के डिजिटलीकरण के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

## पंचायत समिति में साधारण सभा की बैठक का आयोजन, जनप्रतिनिधियों ने बिजली, पीडब्लूडी, पीएचडी और पशुपालन विभाग के उठाए मुद्दे, समस्याओं के समाधान की मांग

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)**। शहर के पंचायत समिति सभागार में मंगलवार को प्रधान निर्मला राजपुरोहित की अध्यक्षता में साधारण सभा की बैठक हुई। बैठक में क्षेत्र की बिजली, पानी, शिक्षा, सड़क, चिकित्सा समेत अन्य समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक शुरू होते ही बिजली विभाग, पीएचडी विभाग, पीडब्ल्यूडी विभाग, शिक्षा विभाग और पशुपालन विभाग के अधिकारियों पर जनप्रतिनिधियों ने सुनवाई नहीं करने का आरोप लगाया। पंचायत समिति सदस्य श्यामलाल शर्मा, जिला परिषद सदस्य श्योकरण पोटलिया, गिरधारीलाल पारीक ने कहा कि पीडब्लूडी विभाग के द्वारा इलाके में बहुत ही निम्न क्वालिटी की सड़के बनाई है जो उद्घाटन से पहले ही टूट गई है। अधिकारियों ने कहा कि भ्रष्टाचार करने की भी हद होती है। जिसकी सीमा पार हो चुकी है। ऐसा ही रहेगा तो सभी जनप्रतिनिधी विरोध करेगें। इसी प्रकार पीएचईडी विभाग के द्वारा जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्र में पाइप लाइन डाली जा रही है। वह बहुत ही निम्न स्तर की पाइपलाइन है। जो कई जगह से टूट गई है। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने कहा कि क्षेत्र में बिजली के पोल और तार जर्जर हालत में हैं। लेकिन विभाग के द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण कई बार हादसे से हो गए है। अधिकारी केवल आश्वासन देते हैं धरातल पर काम नहीं करते। इसी दौरान जनप्रतिनिधियों ने कहा कि क्षेत्र में सड़कों की स्थिति बहुत खराब है। टेंडर होने के बाद भी समय पर काम नहीं हो पाए। हर सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो रहे हैं। इसके बाद भी सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। सदस्यों ने कहा कि हर बैठक में कई समस्याओं का मुद्दा उठाते है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो पाती। फिर बैठक में आने का क्या मतलब है। इस दौरान अधिकारियों ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि चूरू जिले में सरदारशहर इलाका कृषि क्षेत्र का सबसे बड़ा बेल्ट है। इसमें यूरिया की किल्लत चल रही है। आगे से सप्लाई प्राप्त मात्रा में नहीं आने के कारण किसानों को सरसों, गेंहू, जो आदि फसलों में डालने के लिए यूरिया नहीं मिल रही है। इसलिए सरदारशहर के लिए स्पेशल रैंक पूरी सप्लाई होने पर किसानों को प्राप्त मात्र में यूरिया मिल पायेगी। इस दौरान एसडीएम रामकुमार ने समस्या सुनते हुए सबधित सभी विभागों के अधिकारियों को समस्या का समाधान करने के निर्देश दिया है। इसी प्रकार विकास अधिकारी महेंद्र सौंलकी ने केंद्र व राज्य सरकारी की हर योजना को धरातल तक पहुंचाने के लिए आमजन को आश्वासन दिया। साधारण सभा की बैठक में भानीपुरा सरपंच शेराराम जोशी, श्रवण शर्मा, बृजलाल ढाका, गिरधारी लाल स्वामी, मोहनलाल बाना, नोरा देवी सारण, रतीराम सारण, गोपालराम कड़वासरा, दीपक शर्मा, पूर्णाराम मेघवाल, इंदर सिंह शेखावत, सुरेंद्र सिंह भाटी, शीशपाल सियाग, मोहननाथ सिद्ध, लालनाथ सिद्ध सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्र का मुद्दा उठाते हुए समाधान की मांग की है।

## विशाल जन जागरूकता रैली से एनसीडी जागरूकता पखवाड़ा का आगाज

### उप जिला चिकित्सालय के एनसीडी क्लिनिक सूरतगढ़ का नवाचार आरोग्यं श्रेष्ठं धनम्

### आमजन को स्वास्थ्य के प्रति सजग सचेत और सावधान करना एनसीडी का उद्देश्य

जयपुर टाइम्स

**सूरतगढ़(निसं.)**। उप जिला चिकित्सालय सूरतगढ़ के एनसीडी क्लिनिक द्वारा नवाचार करते हुए आरोग्यं श्रेष्ठं धनम् थीम पर 26 नवम्बर 2025 से शुरू किया जा रहा है एनसीडी जागरूकता पखवाड़ा। जिसके अन्तर्गत आज प्रथम दिन 26 नवम्बर 2025 को प्रातः 9 बजे विशाल जन जागरूकता रैली का आयोजन एनसीडी क्लिनिक और शहीद भगत सिंह डिफेंस एकेडमी फाउंडेशन के कोच सलीम अली और भवानी सिंह के द्वारा किया जा रहा है। विशाल जागरूकता रैली का शुभारम्भ उप जिला चिकित्सालय से किया जाएगा। काउन्सलर दीपक शर्मा ने बताया कि एनसीडी क्लिनिक सूरतगढ द्वारा यह नवाचार आमजन को स्वास्थ्य के प्रति सजग सचेत और सावधान करने के लिए चलाया जा रहा है ताकि लोग समय पर चिकित्सालय आकर स्वास्थ्य जांच कराएं और समय पर इलाज शुरू करें। इस अभियान में एनसीडी में आने वाली प्रमुख बिमारियों (कैंसर, बीपी, शुगर, हृदय रोग, और नशा मुक्ति) के प्रति आमजन को जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा। नर्सिंग अधिकारी लक्ष्मी कुमारी ने बताया कि जागरूकता पखवाड़ा में मुंह के कैंसर, सरवाईकल कैंसर और ब्रेस्ट कैंसर की स्क्रिनिंग की जाकर उचित परामर्श दिया जाएगा और संभावित पाए जाने पर उच्च चिकित्सा संस्थान पर इजाल के लिए रैफर किया जाएगा साथ ही फिजियोथैरपिस्ट देवेन्द्र धाकड़ द्वारा कमर दर्द, घुटनों का दर्द, गर्दन दर्द, लकवा, गठिया, साइटिका, मोच और खिंचाव, घुटने के लिगामेंट की चोट, मांसपेशियों का कमजोर होना, कंधो का दर्द, शरीर की अकड़न आदि रोगों की जांच कराकर उपचार किया जाएगा।

## *अवैध व्यावसायिक भवन निर्माण पर नगर निगम की बड़ी कार्यवाही*

### *हवामहल-आमेर जोन में की अवैध निर्माण सीज*

***जयपुर(कासं.)**। नगर निगम आयुक्त डॉ.गौरव सैनी के निर्देशानुसार उपायुक्त हवामहल-आमेर जोन सीमा चौधरी के नेतृत्व में अवैध व्यावसायिक निर्माण के विरूद्ध कारवाई करते हुये भवन निर्माण शाखा की टीम एवं सतर्कता शाखा ने मंगलवार को अवैध व्यावसायिक निर्माणों के विरूद्ध सीज किया। उपायुक्त हवामहल-आमेर जोन ने बताया कि अवैध व्यावसायिक निर्माण के विरूद्ध सीजर की कारवाई की गई। जिसके तहत कालूराम पुत्र सूरजमल पता प्लाट न. 340/98 व्यास कालोनी नाहरी का नाका में ग्राउण्ड फ्लोर पर अनाधिकृत रूप से पटटे में अंकित भुमि से अधिक भुमि पर निर्माण किया जा रहा था एवं पटटे पर अकित नम्बर 11 का उल्लेख करते हुये भवन को बिना नगर निगम के सब डिवीजन के अलग-अलग भाग करके विक्रय किया जा रहा था।जिसके तहत आज प्लाट न. 340/98 व्यास कालोनी नाहरी का नाका पर सीजर की कार्यवाही की गयी।*

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।